ज्ञानामृत

मानव का मानव होना ही
उसकी जीत है, दानव होना हार है, और
महामानव होना चमत्कार है।
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 | वर्ष-09 | अंक-60 | पेज-08 | मूल्य-₹1.00/-


## अब इस्राइल में भी चलेगा भारत का यूपीआई... पीएम नेतन्याहू संग संयुक्त प्रेसवार्ता में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# 'टाइम टेस्टेड साझेदारी' को स्पेशल स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप पर ले जाने का निर्णय

**यरुशलम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद दोनों देशों ने अपने संबंधों को 'स्पेशल स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप' का दर्जा देने की घोषणा की। संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-इस्राइल रिश्ते समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं और अब इन्हें नई दिशा व तेज गति देने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक सहयोग साझा समृद्धि का इंजन बन चुका है। पिछले वर्ष हुए द्विपक्षीय निवेश समझौते के बाद अब मुक्त व्यापार समझौते को भी जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। तकनीक को भविष्य की साझेदारी का केंद्र बताते हुए उन्होंने एआई, क्वांटम और क्रिटिकल मिनरल्स में सहयोग बढ़ाने की घोषणा की। इस्राइल में यूपीआई के इस्तेमाल पर भी सहमति बनी है। रक्षा क्षेत्र में संयुक्त विकास, उत्पादन और तकनीक हस्तांतरण को आगे बढ़ाया जाएगा, जबकि सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा और अंतरिक्ष में भी सहयोग विस्तारित होगा।



### क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और शांति पर सहमति

दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पहलों को गति देने और संवाद के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों से निपटने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय दोनों देशों की बढ़ती दोस्ती और साझा आकांक्षाओं का प्रतीक है।

### मोदी-नेतन्याहू वार्ता में हुए प्रमुख फैसले

- **रक्षा और रणनीतिक सहयोग:** सुरक्षा साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति।
- **मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए):** पारस्परिक लाभ वाले एफटीए को आगे बढ़ाने पर जोर।
- **यूपीआई कनेक्टिविटी:** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम और इस्राइल की मसाव के बीच यूपीआई प्रणाली जोड़ने पर सहमति।
- **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई):** शिक्षा और उभरती तकनीकों में एआई सहयोग हेतु अलग समझौता।
- **साइबर सुरक्षा:** साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर।
- **मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर:** तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर सहमति।
- **कृषि नवाचार:** 'इंडिया-इस्राइल इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर' स्थापित करने का निर्णय।
- **भू-भौतिकीय अन्वेषण:** ऊर्जा और संसाधन खोज के क्षेत्र में साझेदारी।
- **लोथल समुद्री धरोहर परिसर:** विकास में सहयोग का समझौता।
- **सांस्कृतिक आदान-प्रदान:** सांस्कृतिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन।
- **व्यापार और सेवाएं:** वाणिज्य, विनिर्माण और आतिथ्य क्षेत्र में कार्यान्वयन प्रोटोकॉल तय।

**वित्तीय सहयोग:** अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा प्राधिकरण और इस्राइल सिक्योरिटीज अथॉरिटी के बीच समझौता।

**सीईओ फोरम:** चौथे भारत-इस्राइल सीईओ फोरम की रिपोर्ट प्रस्तुत।

## प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए अधोसंरचना और अवसरों का विस्तार हमारी प्राथमिकता: साय



### मुख्यमंत्री से कपिल देव ने की मुलाकात

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कपिल देव का बेल मेटल से निर्मित स्मृति-प्रतिकृति तथा 'पुण्यभूमि छत्तीसगढ़' कॉफी टेबल बुक भेंट कर अभिनंदन किया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने, आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित करने, अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखारने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि राज्य सरकार खेल संस्कृति को सुदृढ़ बनाने के लिए बहुआयामी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत कर सके। कपिल देव ने राज्य में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, विश्वास और विकास के वर्तमान वातावरण में प्रदेश की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिलेंगे। उनके अनुसार सुनियोजित अधोसंरचना और प्रशिक्षण व्यवस्था से छत्तीसगढ़ खेल जगत में नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

## संघ की 100 वर्षों की गौरवगाथा पर आधारित फिल्म 'शतक' को छत्तीसगढ़ में टैक्स-फ्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को राजधानी रायपुर स्थित जोरा मॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित फिल्म 'शतक' देखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय के साथ मंत्रिमंडल के सदस्य तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने फिल्म के प्रदर्शन के बाद कहा कि 'शतक' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, जनसेवा और समर्पण की सतत साधना का सजीव चित्रण है। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरक गाथा जन-जन तक पहुँचे और नई पीढ़ी को राष्ट्र सेवा की भावना से प्रेरणा मिले, इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में इस फिल्म को टैक्स-फ्री करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी के तप, त्याग और दूरदर्शी विचारों से प्रारंभ हुई इस यात्रा को पूजनीय माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जी ने नई दिशा और संगठनात्मक शक्ति प्रदान की। एक शताब्दी का यह इतिहास लाखों स्वयंसेवकों के अनुशासन, समर्पण और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शिक्षा, सेवा और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का कार्य किया है। आपदा, संकट और सामाजिक आवश्यकताओं के समय संघ कार्यकर्ताओं की सेवा भावना ने समाज को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### भरोसे, सत्यापन और निष्पक्ष रेवेन्यू मॉडल पर बनें ठोस नीतियां: वैष्णव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख प्रकाशक समूहों की डिजिटल इकाइयों के संगठन डीएनपीए द्वारा आयोजित डीएनपीए कॉन्क्लेव 2026 में डिजिटल युग में समाचार माध्यमों की भूमिका पर व्यापक विमर्श हुआ। कार्यक्रम में



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वैश्विक मीडिया जगत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और भविष्य की नीतियों के लिए सामूहिक सहमति व ठोस सिफारिशें आवश्यक हैं। मंत्री ने कहा कि मानव समाज भरोसे की संस्थाओं पर टिका है—परिवार से लेकर न्यायपालिका, विधायिका और मीडिया तक। मीडिया संस्थानों की निष्पक्षता और जिम्मेदारी ही उनकी विश्वसनीयता की आधारशिला है। उन्होंने चेताया कि डीप फेक, भ्रामक सूचनाएं और सिंथेटिक कंटेंट जैसी चुनौतियां लोकतांत्रिक ढांचे के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं।

### परमाणु ब्लफ से नहीं डरेगा भारत, अगली कार्रवाई होगी और कठोर

**पठानकोट, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े सैन्य तनाव के बीच भारतीय सेना ने स्पष्ट संकेत दिया है कि पाकिस्तान की परमाणु धमकियों का अब कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-



चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सेना की रणनीति में बदलाव किया गया है और भविष्य की कार्रवाई पहले से अधिक कठोर व निर्णायक होगी। सैन्य सम्मान समारोह में संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि अभियान के तहत पाकिस्तान के प्रमुख आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। जवाबी कार्रवाई के प्रयासों के बाद भारतीय सेना ने उनके सैन्य और हवाई ठिकानों को भी क्षति पहुंचाई। हालात ऐसे बने कि पाकिस्तान को प्रत्यक्ष और परोक्ष माध्यमों से युद्धविराम की पहल करनी पड़ी।

### 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज पर 15 दिन की रोक

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल हाई कोर्ट ने बहुचर्चित फिल्म 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' की प्रस्तावित रिलीज पर 15 दिनों के लिए अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म



सर्टिफिकेशन ने प्रमाणपत्र जारी करते समय अपेक्षित सावधानी नहीं बरती। जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस ने फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली थी। अदालत ने अपने आदेश में टिप्पणी की कि सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित नहीं किया गया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि फिल्म में केरल की छवि को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

## गजल



**सतेन्द्र सत्यज**

वो दगाबाज होकर भला हो गया!
पूछता है बताओ तो क्या हो गया!!

जब से टूटा है दिल तब से पत्थर हुआ,
ज़ख्म ही आख़िरी में दवा हो गया!

हमने तारीफ़ की उसको अच्छी लगी,
हमने सच क्या कहा वो खफ़ा हो गया।

सर झुकाकर नमन है हमारा उन्हें,
जो भी धरती पे अपनी फ़िदा हो गया!

उसकी नज़रों में सत्यज नहीं देखना,
जिन पे पूरा शहर ही फ़िदा हो गया!!

## NCERT किताब पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

# 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर बैन

## छपी किताबें जब्त करने और डिजिटल कॉपी हटाने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने आठवीं कक्षा की सोशल साइंस की एनसीईआरटी पुस्तक में शामिल 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' शीर्षक वाले अध्याय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने किताब के छपाई और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया। साथ ही निर्देश दिया कि जो प्रतियां पहले ही छप चुकी हैं, उन्हें जब्त किया जाए और डिजिटल संस्करण भी तुरंत हटाए जाएं।

अदालत ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के निदेशक और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही, विवादित अध्याय के लेखकों के नाम तथा उनकी योग्यता का विवरण भी मांगा है। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि यह न्यायपालिका को बदनाम करने की सोची-समझी कोशिश प्रतीत होती है और जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अदालत ने संकेत दिया कि अवमानना की कार्यवाही पर भी विचार हो सकता है।



### सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों के शिक्षा विभागों को निर्देश दिया है कि पुस्तक चाहे स्कूलों में उपलब्ध हो, स्टॉक में हो या ऑनलाइन, उसे तत्काल प्रभाव से पहुंच से हटाया जाए। आदेश का उल्लंघन जानबूझकर अवमानना माना जाएगा। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को दो सप्ताह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद अदालत एक समिति गठित कर पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराएगी। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव तथा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के निदेशक डॉ. दिनेश प्रसाद सकलानी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अदालत ने पूछा है कि पाठ्य सामग्री में विवादित अंश किस आधार पर शामिल किए गए और इसकी स्वीकृति किस स्तर पर दी गई।

### न्यायपालिका का अपमान नहीं, जिम्मेदारी तय कर होगी कार्रवाई: धर्मेंद्र प्रधान



एनसीईआरटी की पुस्तक में न्यायपालिका से जुड़े कथित विवादित अध्याय को लेकर देश में उठे राजनीतिक और न्यायिक विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट किया है कि सरकार या शिक्षा मंत्रालय की ओर से न्यायपालिका का अपमान करने की कोई मंशा नहीं थी। उन्होंने कहा कि जो कुछ हुआ उससे उन्हें गहरा दुख है और अदालत के निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। साथ ही अध्याय तैयार करने की प्रक्रिया की समीक्षा कर जिम्मेदारी तय की जाएगी। मंत्री ने कहा कि सरकार न्यायपालिका का सर्वोच्च सम्मान करती है और किसी भी शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनसीईआरटी की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित सामग्री किस प्रक्रिया से शामिल की गई, इसकी जांच कराई जा रही है। अध्याय तैयार करने में शामिल अधिकारियों और विशेषज्ञों की भूमिका की पड़ताल की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उनका कहना था कि शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता और संवैधानिक समझ विकसित करना है, न कि संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करना।

#### सरकार का रुख

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार पूरे प्रकरण की व्यापक समीक्षा कर रही है और अदालत के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए पाठ्य सामग्री तैयार करने और अनुमोदन की प्रक्रिया को और सुदृढ़ किया जाएगा। सरकार ने दोहराया है कि सार्वजनिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर हुई लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

## केंद्र सरकार सख्त... 28 फरवरी के बाद बिना सिम नहीं चलेंगे मैसेजिंग एप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि 'सिम बाइंडिंग' नियम लागू करने की 28 फरवरी की अंतिम तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नए नियमों के तहत मोबाइल फोन में सक्रिय सिम कार्ड न होने पर व्हाट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग एप काम नहीं करेंगे। कंप्यूटर पर लॉगिन व्हाट्सएप भी छह घंटे के भीतर स्वतः लॉगआउट हो जाएगा।




सरकार का कहना है कि इस व्यवस्था से साइबर धोखाधड़ी करने वालों की पहचान करने और उन तक पहुंचने में मदद मिलेगी। मंत्री ने बताया कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक को लेकर भी सुरक्षा मानकों पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। कंपनी को यह प्रदर्शित करना होगा कि वह भारतीय सीमाओं के बाहर इंटरनेट एक्सेस बंद कर सकती है और आवश्यकता पड़ने पर नेटवर्क पर नियंत्रण देने में सक्षम है। अभी तक आवश्यक सुरक्षा प्रदर्शन पूरे नहीं किए गए हैं।

## शंकराचार्य का आरोपों से इंकार

# नाबालिगों के मेडिकल परीक्षण की रिपोर्ट तैयार, सीलबंद लिफाफे में जाएगी कोर्ट

**प्रयागराज/वाराणसी, एजेंसी**

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद स्वामी के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न प्रकरण में नाबालिगों की मेडिकल रिपोर्ट तैयार हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दो चिकित्सकों के पैनल ने प्रयागराज के सरकारी अस्पताल में पीड़ित बच्चों का परीक्षण किया। रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में गुरुवार को जांच अधिकारी को सौंप दिया गया है और इसे शुक्रवार को अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा।



सूत्रों का दावा है कि मेडिकल परीक्षण में आपराधिक कृत्य की पुष्टि के संकेत मिले हैं, हालांकि आधिकारिक तौर पर पुलिस ने विस्तृत जानकारी देने से परहेज किया है। झूंसी थाने के प्रभारी ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। यह भी स्पष्ट किया गया कि कथित घटना से जुड़े तथ्य किसने, कब और कहां कृत्य किया जांच का विषय हैं। प्रकरण में शिकायत दर्ज कराने वाले आशुतोष महाराज ने कहा है कि उनके पास पर्याप्त साक्ष्य हैं और मेडिकल रिपोर्ट से आरोपों की पुष्टि हुई है।

#### शंकराचार्य ने आरोपों को किया खारिज

वाराणसी में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जांच प्रक्रिया गोपनीय होती है और रिपोर्ट संबंधी बातें सार्वजनिक करना अनुचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ सुनियोजित दुष्प्रचार किया जा रहा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उनके समर्थक सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। फिलहाल अदालत में रिपोर्ट पेश होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई तय होगी।

## छत्तीसगढ़ में सड़क हादसों में भाजपा नेता समेत 11 मौतें

**विजय मत, रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटे में अलग-अलग सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई। पहली घटना रायगढ़ जिले की है, जहां 25 फरवरी की रात तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे में 4 लोगों ने दम तोड़ दिया, करीब 18 लोग घायल हुए हैं। दूसरी घटना सरगुजा के नेशनल हाईवे-43 पर शांतिपारा के पास दो बाइकों की भिड़ंत में युवा भाजपा नेता समेत 2 युवकों की मौत हुई है। तीसरी घटना में सूरजपुर जिले में बाइक की टक्कर में 2 युवक और महिला टीचर समेत 3 की मौत हुई है। वहीं बालोद में स्कूल वैन नाले में गिरने से पहली की छात्रा की मौत हो गई। जबकि 13 बच्चे घायल हैं। बिलासपुर-कोरबा हाइवे पर ट्रेलर की चपेट में आने से मोपेड सवार पत्नी ने दम तोड़ दिया। सरगुजा के नेशनल हाईवे-43 पर शांतिपारा के पास 26 फरवरी की सुबह दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में युवा भाजपा नेता कमला प्रसाद उर्फ संजय यादव (32) की मौके पर ही मौत हो गई। वे पोकसरी के उप सरपंच थे। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भी थे।

## अन्नदाता देश की नींव, आज वही असुरक्षित महसूस कर रहे: राहुल

**कन्नूर (केरल), एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया। पेरावूर में किसानों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत तभी सफल हो सकता है जब किसानों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित हो। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तथाकथित एपस्टीन फाइलों का हवाला देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दबाव बनाया ताकि ऐसा समझौता कराया जा सके जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार विकास की बात करती है, लेकिन देश की कृषि नींव को नजरअंदाज कर रही है। उनका कहना था कि भारतीय किसान छोटे और सीमित संसाधनों वाले हैं, जबकि अमेरिकी कृषि बड़े पैमाने और उच्च मशीनीकरण पर आधारित है।



ऐसे में अमेरिकी कंपनियों को भारतीय बाजार में खुली पहुंच देना किसानों के हितों के विपरीत होगा। राहुल गांधी ने कहा कि यदि नींव को सम्मान और सुरक्षा नहीं मिलेगी तो विकास की इमारत टिक नहीं सकती। हरित क्रांति और श्वेत क्रांति किसानों के कारण संभव हुई, लेकिन आज वही वर्ग असुरक्षित महसूस कर रहा है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि कृषि मतभेदों के कारण समझौता महीनों से अटका था और इस दौरान दबाव बनाया गया।

## टिकट बुकिंग के 48 घंटे में रद्द करने पर पूरा रिफंड, डीजीसीए के नए नियम लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने हवाई टिकट रिफंड और कैंसिलेशन नियमों में अहम बदलाव करते हुए यात्रियों को बड़ी राहत दी है। नए आदेश के तहत अब टिकट बुक करने के 48 घंटे के भीतर उसे रद्द करने या उसमें बदलाव करने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा और पूरा भुगतान वापस किया जाएगा। यह सुविधा तब लागू होगी जब टिकट उड़ान की तारीख से कम से कम सात दिन पहले बुक किया गया हो। नए प्रावधानों के अनुसार यदि टिकट ट्रैवल एजेंट या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बुक किया गया है, तब भी रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइन की ही होगी।



एयरलाइंस को हर हाल में 14 कार्यदिवस के भीतर रिफंड प्रक्रिया पूरी करनी होगी। यदि 48 घंटे की 'फ्री लुक-इन' अवधि समाप्त हो जाती है, तो सामान्य कैंसिलेशन नीति लागू होगी और निर्धारित शुल्क लिया जा सकेगा। हालांकि टिकट की तारीख बदलने पर यदि नए किराए में वृद्धि होती है तो किराए का अंतर यात्री को देना होगा, लेकिन अलग से 'कैंसिलेशन फीस' या 'चेंज फीस' नहीं वसूली जाएगी।

## नागौर के निजी स्कूल में दर्दनाक घटना

# खेलते समय गिरी 9 साल की छात्रा, हार्ट अटैक से मौत

**नागौर (राजस्थान), एजेंसी**

नागौर जिले के गोटन कस्बे स्थित गोटन इंटरनेशनल स्कूल में 23 फरवरी की सुबह नौ वर्षीय छात्रा की कथित हृदयाघात से मौत हो गई। छात्रा दिव्या, जो पांचवीं कक्षा में पढ़ती थी, प्रार्थना से पहले स्कूल मैदान में अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी।



स्कूल स्टाफ ने तत्काल परिजनों को सूचना दी और उसे गोटन के राजकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले और प्रारंभिक तौर पर कार्डियक अरेस्ट को मौत का कारण माना गया है। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। परिवार ने बताया कि दिव्या के बड़े भाई अभिषेक की भी चार माह पहले इसी तरह अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। लगातार दो बच्चों की असामयिक मौत से परिवार सदमे में है और क्षेत्र में चिंता का माहौल है।


प्रधान संपादक- विजय शुक्ला। कार्यालयः ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ दुर्ग ■ धमतरी ■ बस्तर ■ कवर्धा ■ कांकेर ■ कोरबा ■ कोरिया ■ जशपुर ■ जांजगीर-चाम्पा ■ मनेंद्रगढ ■ मोहला-मानपुर ■ दन्तेवाड़ा ■ महासमुन्द ■ राजनांदगांव ■ रायगढ़ ■ सरगुजा ■ बलौदाबाजार ■ बालोद ■ मुंगेली ■ बेमेतरा ■ सूरजपुर ■ गरियाबंद ■ सुकमा ■ बलरामपुर

## सार समाचार

### बिलासपुर में सराफा सुरक्षा पर बड़ा मंथन, लूट कांड के बाद पुलिस-व्यापारी समन्वय मजबूत



**विजय मत/रायपुर।** राजकिशोरनगर स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स में हुई बड़ी लूट की घटना और उसके बाद सीपत क्षेत्र में सामने आई आपराधिक वारदातों को गंभीरता से लेते हुए बिलासपुर पुलिस और सराफा व्यापारियों के बीच आज व्यापक सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक बिलासा गुड़ी स्थित चेतना हाल में एसएसपी रजनेश सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें जिले भर के सराफा व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक से पूर्व प्रदेश सराफा संघ के अध्यक्ष कमल सोनी के नेतृत्व में महालक्ष्मी ज्वेलर्स लूट कांड के अंतरराज्यीय गिरोह को मात्र 24 घंटे के भीतर पकड़ने वाली पुलिस टीम का भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी रजनेश सिंह, एडिशनल एसपी पंकज पटेल सहित ह्यऑपरेशन गोल्डह्न में शामिल 11 सदस्यीय टीम को शॉल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने बिलासपुर पुलिस की कार्यशैली की खुलकर सराहना करते हुए कहा कि जिले की अब तक की सबसे बड़ी लूट की घटना को जिस तत्परता, समन्वय और टीमवर्क के साथ 24 घंटे के भीतर सुलझाया गया, वह बिलासपुर पुलिस के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी और लूटे गए सामान की सुरक्षित बरामदगी ने व्यापारियों में विश्वास बहाल किया है और इसके लिए बिलासपुर पुलिस जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। इस अभियान में उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग को भी उन्होंने सराहनीय बताया।

### तेज रफ्तार ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर, 2 पुलिसकर्मियों की मौत

**विजय मत/रायपुर।** हथबंद थाना क्षेत्र के उड़ेला-पौसरी मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो पुलिस कर्मियो को अपनी चपेट में ले जिससे एक आरक्षक की मौके पर मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे आरक्षक की इलाज के दौरान रायपुर में मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, आरक्षक क्रमांक 377 धर्मेंद्र यादव, जो जिला बलौदाबाजार के साइबर सेल में पदस्थ थे तथा आरक्षक क्रमांक 809 प्रशांत धर दीवान, जो थाना हथबंद में तैनात थे, मंगलवार सुबह एक प्रकरण की विवेचना के सिलसिले में मोटरसाइकिल से निकले थे। सुबह लगभग 11 बजे वे हथबंद क्षेत्र के उड़ेला-पौसरी के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों जवान सड़क पर दूर जा गिरे।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोपेड सवार दंपति को कुचला, पत्नी की मौत, पति गंभीर

**बिलासपुर।** रतनपुर क्षेत्र में गुरुवार सुबह सड़क हादसे में मोपेड सवार दंपति को तेज रफ्तार ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। शव मरच्यूर्री भेजकर ड्राइवर की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। रतनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सलखा निवासी रामायण कश्यप (55) गुरुवार सुबह करीब नौ बजे अपनी पत्नी गीता कश्यप (52) के साथ मोपेड से बेलतरा की ओर जा रहे थे।

---

भाई संजू को भी दबोचा, भारी मात्रा में गांजा-नशीली गोलियां और हथियार बरामद

# लंबे समय से फरार हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**

रायपुर पुलिस कमिश्नरेट ने सूखे नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कालीबाड़ी-नेहरू नगर क्षेत्र में सक्रिय अवैध नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। कार्रवाई में लंबे समय से फरार चल रहा हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया और उसका भाई संजू गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों के कब्जे से भारी मात्रा में गांजा, नशीली गोलियां और हथियार बरामद किए गए हैं।

बता दें कि यह पूरी कार्रवाई डीसीपी (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला और डीसीपी (सेंट्रल जोन) उमेश प्रसाद गुप्ता के संयुक्त मॉनिटरिंग में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना सिटी कोतवाली पुलिस की टीम ने अंजाम दिया।



***24 फरवरी की कार्रवाई से नेटवर्क का हुआ खुलासा, नाले के किनारे मिला हाई-टेक हाइडआउट-***
गौरतलब है कि मामले की कड़ियां 24 फरवरी 2026 को जुड़ीं, जब थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने नेहरू नगर नरैया तालाब क्षेत्र में अब्दुल जाफर और सुनील जगत को गांजा की फुटकर बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया। पूछताछ में मिले मेमोरेंडम के आधार पर पुलिस ने कालीबाड़ी क्षेत्र में नाले के पास बने एक हाइडआउट पर दबिश दी।

यह ठिकाना आधुनिक तकनीक से लैस पाया गया। यहां से लगभग 7 किलो 397 ग्राम गांजा, पैकिंग में प्रयुक्त भारी मात्रा में प्लास्टिक झिल्ली, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, वाई-फाई उपकरण, सीसीटीवी कैमरे और मोशन सेंसर बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार यह ठिकाना कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से हाईटेक तरीके से तैयार किया गया था।

अब्दुल जाफर के खिलाफ पहले से 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण भी शामिल हैं।

## अम्यूज ओ रामा में गो-कार्टिंग ट्रैक का शुभारंभ, डिप्टी सीएम विजय शर्मा बोले- खेल गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा



**विजय मत, रायपुर**

राजधानी रायपुर के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित अम्यूज ओ रामा में आज गो-कार्टिंग ट्रैक का औपचारिक शुभारंभ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने इसे युवाओं के लिए सकारात्मक एवं खेल आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला कदम बताया।

750 से 800 मीटर लंबे नेशनल लेवल गो-कार्टिंग ट्रैक के शुरू होने से यहां एडवेंचर गतिविधियों का दायरा और विस्तृत हो गया है। यह ट्रैक रेसिंग लेआउट पर तैयार किया गया है, जिसमें हाई-स्पीड स्ट्रेच, तकनीकी मोड़ और सुरक्षित बैरियर लगाए गए हैं। भविष्य में यहां राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित करने की भी योजना है। अम्यूज ओ रामा का वॉटर पार्क प्रतिदिन 3,000 से 5,000 लोगों की क्षमता के साथ संचालित हो रहा है। यहां 1,500 लोगों की एक साथ क्षमता वाला वेव पूल समुद्री लहरों जैसा अनुभव प्रदान करता है।

## खाई में गिरी तेज रफ्तार पिकअप चार ग्रामीणों की मौत



### 20 घायल, सगाई से लौटते वक्त हुआ हादसा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बुधवार की शाम सगाई कार्यक्रम से घर लौटते समय तेज रफ्तार पिकअप खाई में पलट गई। इस घटना में 4 ग्रामीणों की मौत हो गई। वहीं 20 से अधिक ग्रामीण घायल हो गए हैं। 8 लोगों को रायगढ़ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। वहीं दो को रायपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, बंगुरसूता के रहने वाले ग्रामीण बुधवार की सुबह कंवर समाज के एक सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कापू क्षेत्र के गोसाईपोढ़ी गांव गए थे। वहां से घर वापसी के दौरान जब पिकअप में सवार ग्रामीण रात करीब 8 बजे के आसपास कापू-धरमजयगढ़ मार्ग स्थित विजयघाट के पास पहुंचे ही थे कि पिकअप चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे पिकअप खाई में पलट गई। इस हादसे में पिकअप में सवार 20 से अधिक लोगों को चोटें आई है।

घटना स्थल पर बीती रात दो ग्रामीणों काला राम राठिया उम्र 60 वर्ष ग्राम बंगरसुता, छतर सिंह राठिया उम्र 60 वर्ष ग्राम बंगरसुता की मौत हो गई। वहीं दो अन्य ग्रामीण हिजबन राठिया, निरज सिंह राठिया ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है।

इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल देवेन्द्र कुमार राठिया, सुरेन्द्र राठिया को रायपुर रेफर किया गया है। वहीं गडालाल, बालसिंह, दुजलाल सिंह, निपतराम, मिछनदर

# अंतागढ़ में श्रमिक सम्मेलन आयोजित, जिले के 7930 श्रमिकों को किया गया लाभान्वित

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के निदेर्शानुसार श्रमिक सम्मेलन-2026 का आयोजन उत्तर बस्तर कांकेर जिले के सामुदायिक भवन अंतागढ़ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग उपस्थित थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष श्री राधेलाल नाग द्वारा की गई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अन्तर्गत विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के श्रमिक व उनके परिवार के सदस्यों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से राशि हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया।





श्रमिक सम्मेलन में उपस्थित सांसद नाग ने सभी उपस्थित श्रमिकों और उनके परिजनों को विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही योजनाओं के संबंध में जागरूक होने की बात कही। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री नाग ने भी श्रमिकों को संबोधित करते हुए शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के द्वारा लाभार्थी श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत चेक वितरित किए गए। श्रम पदाधिकारी ने जानकारी दी है कि श्रमिक सम्मेलन में जिले के कुल 7930 श्रमिकों को कुल 02 करोड़ 29 लाख 17 हजार 100 रुपए से लाभान्वित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना में 101 हितग्राहियों को 20 लाख 20 हजार रूपए, मिनीमाता महतारी जतन योजनांतर्गत 89 महिला हितग्राहियों को 17 लाख 80 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में 50 हितग्राहियों को 02 लाख 59 हजार 100 रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजनांतर्गत 28 हितग्राहियों को 05 लाख 60 हजार रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 19 श्रमिकों के उत्तराधिकारियों को 01 करोड़ 90 लाख रुपए एवं मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजनांतर्गत 04 श्रमिकों को 04 लाख रूपए, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजनांतर्गत 01 महिला हितग्राही को 01 लाख रुपए डायरेक्ट बेनीफिट ट्रान्सफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से प्रदाय किया गया।

# राजधानी के वीआईपी इलाके में चली गोली, स्पा सेंटर में मसाज नहीं करने पर बदमाशों ने की फायरिंग

**विजय मत, रायपुर**

राजधानी रायपुर के वीआईपी इलाके में फायरिंग से इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक, सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित कटोरा तालाब इलाके में एक ब्यूटी पार्लर एवं स्पा सेंटर में देर रात मसाज करने से मना करने पर बदमाशों ने हवाई फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को अगले दिन दोपहर में मिली, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को महज 2 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 25 फरवरी की रात करीब 10 बजे कटोरा तालाब क्षेत्र में महिला द्वारा संचालित ब्यूटी पार्लर और स्पा में दो अज्ञात युवक पहुंचे। दोनों युवा दुकान बंद होने के बाद भी स्पा सेवा देने की जिद करने लगे। संचालिका ने बताया कि दुकान बंद हो चुकी थी और स्टाफ घर जा चुके थे। आरोपी शराब के नशे में बहस करने लगे। इस दौरान एक आरोपी ने अपने पास रखे लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायरिंग कर दी, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। संचालिका ने घटना की सूचना अगले दिन दोपहर में सिविल लाइन थाने में दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की और करीब 2 घंटे के भीतर दोनों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल और एक एयर गन बरामद की गई है।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील कुमार पाण्डेय (46 वर्ष) निवासी शेखपुर प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश), जो कि प्राइवेट पीएसओ है और अंगद सिंह (33 वर्ष) निवासी आदर्श नगर मोवा रायपुर जो ड्राइवर है, के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

# 3 दिन में 3 हार्डकोर नक्सलियों ने डाले हथियार

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने की डेड लाइन में अब केवल महीनेभर का वक्त बचा है. जंगलों में भटक रहे नक्सली मुख्याधारा में लौट रहे हैं.

3 दिन में 25 लाख रुपये के 3 नक्सली ने एके-47 हथियार के साथ आत्मसमर्पण चुके हैं. उत्तर बस्तर के जंगल में अभी भी 21 नक्सली शेष हैं. पुलिस का अनुमान है कि जल्द ये नक्सली भी आत्मसमर्पण कर उत्तर बस्तर इलाके को नक्सल मुक्त करने में अपनी अहम रोल अदा करेंगे. नक्सलियों के लिए पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया है. दशकों से उत्तर बस्तर का इलाका नक्सलवाद का दंश झेलता आ रहा है.



नक्सलियों के दहशत के कारण आज भी अंदरूनी इलाके विकास से कोसो दूर है. केंद्र और राज्य सरकार ने नक्सलवाद की समाप्ति के लिए मार्च 2026 की डेडलाइन तय की है. तय डेडलाइन के आधार पर चलाये जा रहे ऑपरेशन में पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों को सफलता मिलती जा रही है.

नक्सली मारे जा रहे हैं. बड़ी संख्या में नक्सली हथियारों के साथ मुख्यधारा में लौटकर आत्मसमर्पण कर रहे हैं। बीते 3 दिनों में दो डिवीसीएम व एक पार्टी सदस्य सहित 25 लाख रुपये के 3 नक्सलियों ने एके-47 हथियार के साथ आत्मसमर्पण किया है. उत्तर बस्तर के बिहड़ में अभी भी 21 नक्सली बचे हैं. पुलिस को उम्मीद है कि ये भी जल्द आत्मसमर्पण कर सकते हैं ।

### नक्सलियों के लिए हेल्पलाइन जारी

पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि शेष बचे हुए नक्सलियों के लिए मोबाइल नंबर 9479194119 जारी किया गया है, जिससे वह बिना किसी भय के संपर्क कर सकते हैं. उन्हें सुरक्षित मुख्यधारा में लाने प्रयास किया जाएगा. सूत्र बताते हैं कि आगामी समय में उत्तर बस्तर के इलाके में शेष बचे 21 नक्सली भी जल्द आत्मसमर्पण कर सकते हैं. इससे यह कयास लगाए जा रहे हैं.


**कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) बालोद छ.ग.**
Fax- 07749-223915 Email-id actwd.balod@gmail.com

क्रमांक / 1319 / आ.जा.क./ निर्माण / 2025-26 — **द्वितीय निविदा आमंत्रण** — बालोद, दिनांक 24.02.2026

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग. शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से (समस्त संशोधन सहित) प्रभावशील है। एस.ओ. आर पद्धति के तहत पंजीकृत डाक (ए.डी.) स्पीड पोस्ट के माध्यम से वर्ष 2025-26 में जिले के प्री.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास / आदिवासी कन्या आश्रम में भवन छत मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिये ई- टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर द्वितीय निविदा आमंत्रित किया जाता है । जिसका विवरण निम्नानुसार है ।

| क्र. | संस्था का नाम | विकास खण्ड का नाम | कार्य की प्रशा. स्वीकृत राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | आदिवासी बालक आश्रम बगदई | गुरूर | 19.39 |
| 2 | आदिवासी बालक आश्रम बड़भूम | गुरूर | 19.39 |
| 3 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास भवरमरा | डौण्डीलोहारा | 19.39 |
| 4 | प्री. मै. आदिवासी बालक छात्रावास भीमकन्हार | डौण्डीलोहारा | 19.39 |
| 5 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास भैंसबोड | डौण्डी | 19.39 |
| 6 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास गुदुम | डौण्डी | 19.39 |
| 7 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास भर्रीटोला | डौण्डी | 19.39 |
| 8 | आदिवासी बालक आश्रम बगदई | गुरूर | 19.39 |
| 9 | आदिवासी बालक आश्रम बड़भूम | गुरूर | 19.39 |
| 10 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास भवरमरा | डौण्डीलोहारा | 19.39 |
| 11 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास भीमकन्हार | डौण्डीलोहारा | 19.39 |
| 12 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास भैंसबोड | डौण्डी | 19.39 |
| 13 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास गुदुम | डौण्डी | 19.39 |
| 14 | प्री. मै. आदिवासी बालक छात्रावास भर्रीटोला | डौण्डी | 19.39 |
| योग :- | | | 271.46 |

1. ई - निविदा प्रारंभ तिथि- 18.02.2026    2. निविदा की अंतिम तिथि - 06.03.2026 समय 05:00 बजे तक

नोट:-(1) कार्य पूर्ण करने की अवधि प्रति संस्था 06 माह। (2) प्रति कार्यों में ठेकेदार की श्रेणी "डी" क्लास या उससे ऊपर।

टीप:- संस्थाओं की सूची निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate,gov.in में देखी जा सकती है ।

जी-252606906/7

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास बालोद



**:: कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला-बीजापुर (छ०ग०)::**

क्रमांक/पु०अ०/ बीजा०/एसी-1/निविदा/I-185 /2026, दिनांक 25/02/2026

**(प्रथम सीमित निविदा आमंत्रण)**

छत्तसीगढ़ के राज्यपाल की ओर से प्रपत्र "अ" में (प्रतिशत दर पर) उचित श्रेणी ₹डी₹ में छ०ग०शा० के लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं छ०ग० गृह निर्माण मण्डल में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफे पद्धति से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, छ०ग० शासन के द्वारा जारी निदेर्शानुसार मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि 25.02.2026
2. निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि 04.03.2026 अपरान्ह के 03:00 बजे।
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11.03.2026 अपरान्ह 03:00 बजे।
4 निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि 11.03.2026 अपरान्ह 04:00 बजे।

**स्थान: कार्यालय पुलिस अधीक्षक बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ०ग०)**
(1) प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00 रुपए (2). कार्य पूर्ण करने की अवधि 01 माह
(3) ठेकेदार श्रेणी-"डी"

**निर्माण कार्य का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-**

| क० | कार्य का नाम | कार्यस्थल | संख्या | ठेके की अनुमानित लागत राशि | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ट्रेनिंग सेन्टर भवन निर्माण कार्य | नवीन सीआरपीएफ कैम्प कुण्डापल्ली | 2 | 2200000.00 | 16500.00 |

**टीप :-** कार्य से संबंधित नियम, शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
बीजापुर



**कार्यालय कलेक्टर (जनगणना शाखा), जिला- बेमेतरा (छ.ग.)**
दूरभाष क्र. 07824-222129, फैक्स क्र. 07824-222029
E-mail- bemetara.cg@gov.in

**निविदा सूचना**

क्रमांक/6153/जनगणना/कले./2026    बेमेतरा, दिनांक 23.02.2026

छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक GENS-1105/99/2025 HOME SECTION नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 08.01.2026 अनुसार भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी. प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (HLO)' अप्रैल से सितम्बर 2026 तक और जनसंख्या गणना (PE) फरवरी 2027 में आयोजित की जाएगी.

भारत की जनगणना 2027, मोबाईल एप्लिकेशन के माध्यम से आकड़ों का संग्रह जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (CMMS) पोर्टल का उपयोग, मकान सूचीकरण ब्लॉक निर्माण (HLBS) वेब एप्लिकेशन, स्व-गणना पोर्टल जैसे कार्यों की समुचित रुप से संपादन के लिए जिला स्तर पर 22 तकनीकी सहायक व 01 बहु-कार्य कर्मचारी (एमटीएस) जनशक्ति का पारिश्रमिक आधार पर नियुक्ति जून 2027 तक के लिए एजेंसी के माध्यम से कराया जाना है. भारत की जनगणना 2027 कार्य के लिए जिला जनगणना कार्यालय बेमेतरा एवं समस्त जनगणना चार्ज (तहसीलों एवं नगरीय निकायों) में 22 तकनीकी सहायक वेतन 25000/- प्रतिमाह (EPF/ESIC/GST/IOT/Service Tax सहित) हेतु तथा 01 एम.टी.एस. चतुर्थ श्रेणी- वेतन 18000/- प्रतिमाह (EPF/ESIC/GST/IOT/Service Tax सहित) कुल 23 कार्मिकों की माह अप्रैल 2026 से जून 2027 तक कुल 15 माह की अवधि के लिए वेतन मद की राशि रु. 85,20,000/- (अक्षरी पचयासी लाख बीस हजार रुपये मात्र) नियुक्ति हेतु Gem Portal (Bid No.: GEM/2026/B/7231657 Date 12.02.2026) के माध्यम से ई- निविदा आमंत्रित की गई है. निविदा की शर्तें आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए (Gem Portal) पर देखा जा सकता है.

*(कलेक्टर महो. द्वारा अनुमोदित)*

जी-252606894/4

जिला जनगणना अधिकारी
जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# विधायकों के टेलीफोन भत्ते फिजूलखर्ची या जनसंपर्क की अनिवार्यता है?

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली सुविधाएं हमेशा चर्चा और बहस का विषय रही हैं। वेतन और भत्तों का मूल उद्देश्य यह माना जाता है कि निर्वाचित प्रतिनिधि आर्थिक चिंता से मुक्त होकर जनता की सेवा कर सकें। लेकिन जब इन सुविधाओं का आकार बढ़ता है और उनके उपयोग में पारदर्शिता कम दिखाई देती है, तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं। हाल ही में बिहार विधानसभा द्वारा विधायकों और विधान पार्षदों के लिए मासिक टेलीफोन भत्ता बढ़ाकर 8300 रुपये करने का निर्णय सामने आया है। इस फैसले की सबसे खास बात यह है कि यह राशि बिना किसी बिल या वाउचर के दी जाएगी। यानी खर्च का प्रमाण देना अनिवार्य नहीं होगा। यही कारण है कि यह विषय अचानक सार्वजनिक चर्चा का केंद्र बन गया है।आज का भारत डिजिटल क्रांति के दौर से गुजर रहा है। मोबाइल फोन और इंटरनेट ने संचार के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। कुछ साल पहले तक कॉल दरें और डेटा पैक महंगे हुआ करते थे, लेकिन अब निजी टेलीकॉम कंपनियों के कारण संचार सेवाएं काफी सस्ती हो चुकी हैं। आम नागरिक 300 से 400 रुपये के मासिक रिचार्ज में अनलिमिटेड कॉल, डेटा और संदेश की सुविधा प्राप्त कर लेता है। ऐसे समय में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब देश का आम व्यक्ति इतनी कम राशि में अपना संचार चला सकता है, तो जनप्रतिनिधियों के लिए हजारों रुपये का अलग भत्ता क्यों आवश्यक है।

बिहार के इस निर्णय ने एक व्यापक बहस को जन्म दिया है। राज्य में कुल 243 विधायक हैं। यदि हर विधायक को प्रति माह 8300 रुपये का टेलीफोन भत्ता दिया जाता है, तो सालाना यह राशि करोड़ों रुपये तक पहुंच जाती है। आलोचकों का कहना है कि यह पैसा सार्वजनिक धन है और इसे शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास या अन्य जरूरी क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर कई लोग इसे अनावश्यक खर्च या राजनीतिक विशेषाधिकार के रूप में देख रहे हैं।हालांकि इस विषय का दूसरा पक्ष भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जनप्रतिनिधियों का काम केवल विधानसभा तक सीमित नहीं होता।

**सूचना**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं। अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# एक बार साफ-साफ बतला दो आप करोगे कि नहीं .....

चैतन्य भट्ट

प्रदेश में निगमों, मंडलों आयोगों प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियां का एक अंतहीन सिलसिला चल रहा है अपने को तो ये मालूम था कि हर चीज का अंत हो जाता है लेकिन ये नहीं मालूम था कि अपने ही प्रदेश में निगमों, मंडलों आयोगों, प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियों का अंत कभी नहीं होगा । कितने सावन, कितने फागुन, कितने माघ, कितने पूस, कितने जेठ, कितने बैसाख, और भी न जाने कितने मौसम निकल गए, गर्मी निकल गई, बरसात निकल गई, ठंड निकल गई अब फिर गर्मी आने वाली है लेकिन नियुक्तियों का नियुक्ति पत्र अभी तक किसी भी नेता के पास नहीं पहुंचा । पहले बिहार चुनाव की फांस, फिर मुख्यमंत्री का लफड़ा, फिर महाराष्ट्र निकाय निकायों के चुनाव, फिर महापौरों की झंझट, फिर पुराना साल, फिर नया साल, फिर मकर संक्रांति, फिर गणतंत्र दिवस, फिर बड़ा दिन, फिर बताया गया कि नहीं अब फरवरी के फर्स्ट वीक में तो किसी भी परिस्थिति में ये तमाम नियुक्तियां कर ही दी जाएंगी, वे तमाम नेता जो बेचारे पिछले तीन साल से इंतजार कर रहे थे खुश हो गए कि अब तो सारे कंटक दूर हो चुके हैं नियुक्तियां हो ही जाएंगी,लेकिन फिर एक खबर आई कि नहीं नहीं अभी इसकी आशा मत करो क्योंकि अभी प्रदेश सरकार का बजट आने वाला है अब जब बजट आ गया है तो उसका क्या रिपरकेशन जनता पर पड़ता है उसके बाद ही इस बारे में विचार किया जाएगा। 18 तारीख को प्रदेश का बजट भी आ गया नेताओं ने बजट के तारीफों के पुल भी बांध दिए बता दिया कि आज तक ऐसा बजट आया ही नहीं। अब तो नियुक्ति दे दो भैया लेकिन -चार दिन तो बीत गए अभी तक नियुक्तियों की कोई खबर है नहीं । जो नेता मंडलों निगमों, प्राधिकरणों आयोगों में नियुक्ति की राह देख रहे हैं उनके कुर्ते पजामे का कलफ टूट गया, सफेद कुर्ते पैजामे मैले हो गए लेकिन कोई खबर नहीं आई। अपने को तो समझ में नहीं आता कि यदि हाई कमान को इन में नियुक्ति नहीं करना है तो एक बार साफ-साफ उन उम्मीदवारों को बता क्यों नहीं दिया जाता कि तुम लोग बेवजह परेशान मत हो और ना ही आशा करो, हम लोग कोई नियुक्तियां नहीं करेंगे एक बार साफ-साफ बता दोगे तो कम से कम रोज-रोज की झंझट और रोज के इंतजार से तो उन तमाम नेताओं को मुक्ति मिल जाएगी जो पिछले तीन साल से अपनी आंखों में आशा का दीप जलाए बैठे हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# ग्रामोदय से राष्ट्रोदय की संकल्पना को साकार करने वाले राष्ट्र ऋषि नानाजी



सुरेन्द्र शर्मा

> सक्रिय राजनीति में ऊँचे पदों तक पहुँचने के बावजूद नानाजी देशमुख ने 60 वर्ष की आयु में राजनीति से संन्यास लेने का निर्णय लिया। उनका मानना था कि सत्ता से अधिक महत्वपूर्ण समाज का पुनर्निर्माण है। उन्होंने स्वयं को ग्रामीण विकास के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया।नानाजी देशमुख ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत को व्यवहार में उतारने का प्रयास किया। उनके अनुसार विकास का केंद्र गांव होना चाहिए, क्योंकि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। इसी उद्देश्य से उन्होंने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित चित्रकूट क्षेत्र को अपने कार्यक्षेत्र के रूप में चुना। नानाजी देशमुख और भारतीय जनसंघ नानाजी देशमुख का नाम भारतीय जनसंघ के प्रमुख संगठनकर्ताओं और रणनीतिकारों में से एक है।

नानाजी देशमुख के यह वाक्य केवल उनके ही जीवन का ध्येय वाक्य नहीं था बल्कि उनके पदचिन्हों पर चलकर हजारों लोगों ने मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया जिसका परिणाम आज चित्रकूट गोंडा और अन्य जिलों में देखा जा सकता है।नानाजी देशमुख का नाम भारतीय सार्वजनिक जीवन में एक ऐसे कर्मयोगी के रूप में लिया जाता है, जिन्होंने राजनीति को समाजसेवा का माध्यम बनाया और बाद में सक्रिय राजनीति छोड़कर पूर्णकालिक ग्रामोदय के कार्य में स्वयं को समर्पित कर दिया। उनका जीवन सादगी, राष्ट्रभक्ति, संगठन कौशल और ग्राम विकास की प्रयोगधर्मिता का अद्भुत संगम था। वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी समाज सुधारक और चिंतक थे।नानाजी देशमुख का जन्म 11 अक्टूबर 1916 को महाराष्ट्र के परभणी जिले के कडोली गांव में हुआ। उनका वास्तविक नाम चंडिकादास अमृतराव देशमुख था। बाल्यकाल से ही वे परिश्रमी, आत्मनिर्भर और राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत थे। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने शिक्षा प्राप्त की और युवावस्था में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आए। संघ के स्वयंसेवक के रूप में उन्होंने संगठनात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उत्तर प्रदेश में संघ के विस्तार में विशेष योगदान दिया।नानाजी देशमुख भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए निरंतर परिश्रम किया। वे उत्तर प्रदेश में जनसंघ के प्रमुख रणनीतिकार माने जाते थे। उनकी कुशल रणनीति के कारण 1967 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को कड़ी चुनौती मिली और कई राज्यों में गैर-कांग्रेसी सरकारें बनीं।1975 में जब देश में आपातकाल लगाया गया, तब नानाजी देशमुख लोकतंत्र की रक्षा के लिए सक्रिय रहे। उन्होंने भूमिगत रहकर विरोध आंदोलन को संगठित किया। आपातकाल के विरुद्ध जनांदोलन में उनका योगदान महत्वपूर्ण था। बाद में वे जनता पार्टी के गठन में भी सक्रिय रहे और 1977 में लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए।

सक्रिय राजनीति में ऊँचे पदों तक पहुँचने के बावजूद नानाजी देशमुख ने 60 वर्ष की आयु में राजनीति से संन्यास लेने का निर्णय लिया। उनका मानना था कि सत्ता से अधिक महत्वपूर्ण समाज का पुनर्निर्माण है। उन्होंने स्वयं को ग्रामीण विकास के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया।नानाजी देशमुख ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत को व्यवहार में उतारने का प्रयास किया। उनके अनुसार विकास का केंद्र गांव होना चाहिए, क्योंकि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। इसी उद्देश्य से उन्होंने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित चित्रकूट क्षेत्र को अपने कार्यक्षेत्र के रूप में चुना। नानाजी देशमुख और भारतीय जनसंघ

नानाजी देशमुख का नाम भारतीय जनसंघ के प्रमुख संगठनकर्ताओं और रणनीतिकारों में अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। वे उन नेताओं में थे जिन्होंने जनसंघ को जमीनी स्तर पर मजबूत किया और उसे एक वैकल्पिक राष्ट्रीय राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारतीय जनसंघ की स्थापना 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में हुई थी। नानाजी देशमुख प्रारंभ से ही इस दल से जुड़े और संगठन विस्तार का दायित्व संभाला। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे थे, इसलिए संगठन निर्माण और कार्यकर्ता तैयार करने में उनकी विशेष दक्षता थी।उत्तर प्रदेश में जनसंघ को मजबूत बनाने का श्रेय मुख्यतः नानाजी देशमुख को जाता है। उन्होंने गांव-गांव और शहर-शहर जाकर कार्यकर्ताओं का नेटवर्क खड़ा किया। उनकी रणनीति थी कि पहले मजबूत संगठन बनाया जाए, फिर चुनावी सफलता स्वतः मिलेगी।नानाजी देशमुख का राजनीतिक दृष्टिकोण अत्यंत व्यावहारिक था। वे मानते थे कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि वैचारिक संघर्ष और राष्ट्र निर्माण का साधन है।1967 के विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को कड़ी चुनौती देने में उनकी रणनीति महत्वपूर्ण रही। उस समय गैर-कांग्रेसी दलों को एकजुट करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परिणामस्वरूप कई राज्यों में संयुक्त विधायक दल की सरकारें बनीं।वे पर्दे के पीछे रहकर संगठन को मजबूत करने में विश्वास रखते थे। व्यक्तिगत प्रचार से दूर रहकर उन्होंने पार्टी के लिए कार्यकर्ता-आधारित संरचना विकसित की।

नानाजी देशमुख पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन से अत्यंत प्रभावित थे। जनसंघ की नीतियों में इस विचारधारा को स्थापित करने में उनका योगदान रहा वे मानते थे कि भारतीय राजनीति को पश्चिमी विचारधाराओं की नकल करने के बजाय भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। जनसंघ के कार्यक्रमों और नीतियों में राष्ट्रीयता, स्वदेशी और सामाजिक समरसता पर जोर देने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही।1975 में जब देश में आपातकाल लागू हुआ, तब जनसंघ के अनेक नेता गिरफ्तार किए गए। नानाजी देशमुख ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। वे भूमिगत रहकर आंदोलन को संगठित करते रहे।

आपातकाल के विरोध में जनसंघ और अन्य विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने के प्रयासों में भी उनका योगदान रहा। 1977 में जनता पार्टी के गठन में जनसंघ का विलय हुआ और उस ऐतिहासिक परिवर्तन में नानाजी देशमुख की रणनीतिक भूमिका मानी जाती है।जनसंघ और बाद में जनता पार्टी में महत्वपूर्ण स्थान रखने के बावजूद नानाजी देशमुख ने 60 वर्ष की आयु में सक्रिय राजनीति छोड़ दी। उनका मानना था कि नए नेतृत्व को आगे आना चाहिए और वे स्वयं समाजसेवा के कार्यों में लग गए। यह निर्णय उनकी त्यागमयी प्रवृत्ति और आदर्शवादी सोच का प्रमाण था। उन्होंने सिद्ध किया कि उनके लिए पद या सत्ता से अधिक महत्वपूर्ण राष्ट्र और समाज की सेवा है।नानाजी देशमुख और भारतीय जनसंघ का संबंध केवल एक नेता और दल का नहीं था, बल्कि वह एक वैचारिक और संगठनात्मक साझेदारी थी। उन्होंने जनसंघ को जमीनी स्तर पर मजबूत किया, कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया और वैकल्पिक राजनीति की नींव को सुदृढ़ बनाया। उनका योगदान भारतीय राजनीतिक इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जनसंघ की संगठनात्मक शक्ति और वैचारिक स्पष्टता के पीछे नानाजी देशमुख जैसे समर्पित नेताओं का अथक परिश्रम था।

नानाजी देशमुख भारतीय सार्वजनिक जीवन के ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने ग्राम विकास को अपने जीवन का प्रमुख लक्ष्य बना लिया। उनका विश्वास था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और जब तक गांव आत्मनिर्भर, शिक्षित और समृद्ध नहीं होंगे, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# स्मार्टफोन ने याददाश्त छीनी एआई कल्पना शक्ति छीन लेगी?

रमेश गौर

> एआई तकनीकी से इलाज होगा। इसे एआई क्रांति का नाम दिया जा रहा है। यह क्रांति आएगी, उसके बाद आदमी को कुछ नहीं करना पड़ेगा। इसे एक बड़ी औद्योगिक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है। धरती में सभी को सब कुछ बैठे-बैठे मिल जाएगा। इस तरह की बातें कही जा रही हैं। एआई तकनीकी के दुष्प्रभाव को लेकर युवल नोआ हरारी ने अपनी किताब नेक्सस में एआई के खतरों से आगाह किया है। उन्होंने दावा किया है, पहली बार मनुष्य सभ्यता के सामने एक ऐसी मशीनी दुनिया खड़ी होने जा रही है जो मनुष्य से अधिक बुद्धिशील और पराक्रमी साबित होगी। इसका इस्तेमाल बहुत खतरनाक भी हो सकता है। एआई तकनीकी आने के बाद जिस तेजी के साथ मशीनें अपने आप को अपग्रेड कर लेती हैं।

भारत से लेकर दुनिया के सभी देशों में इस समय एआई की धूम मची हुई है। हर वर्ग का व्यक्ति छोटा हो या बड़ा इसी तकनीकी की बात कर रहा है। सबको ऐसा लग रहा है, यदि यह तकनीकी हमारे पास नहीं आई तो शायद हम अपना सब कुछ खो देंगे। भारत में हाल ही में एआई समिट हुआ है। जिसमें दुनिया भर के देशों से एआई की आईटी कंपनियों ने बड़े-बड़े दावे किए हैं। ऐसा लग रहा है, जल्द ही स्वर्ग धरती पर उतर आएगा। एआई तकनीकी आने के बाद जो खतरे आने वाले हैं, उसको लेकर कोई भी चर्चा नहीं हो रही है। दिल्ली में हुए समिट के दौरान कहा गया, इस तकनीकी से कारोबार आसान हो जाएगा। खेती बहुत बढ़िया हो जाएगी। एआई तकनीकी से इलाज होगा। इसे एआई क्रांति का नाम दिया जा रहा है। यह क्रांति आएगी, उसके बाद आदमी को कुछ नहीं करना पड़ेगा। इसे एक बड़ी औद्योगिक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है। धरती में सभी को सब कुछ बैठे-बैठे मिल जाएगा। इस तरह की बातें कही जा रही हैं। एआई तकनीकी के दुष्प्रभाव को लेकर युवल नोआ हरारी ने अपनी किताब नेक्सस में एआई के खतरों से आगाह किया है। उन्होंने दावा किया है, पहली बार मनुष्य सभ्यता के सामने एक ऐसी मशीनी दुनिया खड़ी होने जा रही है जो मनुष्य से अधिक बुद्धिशील और पराक्रमी साबित होगी। इसका इस्तेमाल बहुत खतरनाक भी हो सकता है। एआई तकनीकी आने के बाद जिस तेजी के साथ मशीनें अपने आप को अपग्रेड कर लेती हैं। एक मशीन सैकड़ो और हजारों लोगों की क्षमताओं का काम अकेली कर सकती है। एआई सभी सूचनाओं, संवेदनाओं, कृत्रिम बादल और बरसात, कविता, उपन्यास, काल्पनिक कहानियां, टीवी सीरियल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े कार्य, खेती से लेकर समुद्र तक इसकी पहुंच होगी। जिस तरीके के उपकरण एआई तकनीकी के माध्यम से बनाए जा रहे हैं, उसके कारण सबसे बड़ा खतरा बेरोजगारी का है। मशीनों पर आश्रित होकर हम अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता को ही खो देंगे। इस तरह की बात सामने आने लगी है।



एआई तकनीकी अब समाज के हर उसे क्षेत्र में घुसने के लिए तैयार खड़ी है, जहां पर अभी केवल मानव अस्तित्व ही काम करता था। अब जिस तरह के रोबोट बनाए जा रहे हैं, वह मानवों की तरह संवेदनशील और मानवों की तरह ही, वह सब कुछ कर सकते हैं, जो अभी तक मानव करते आए हैं। इस बात का भी खतरा उत्पन्न हो गया है, जो रोबोट बनाये जा रहे हैं। उसके बाद सेक्स और बच्चा पैदा करने का काम भी यही रोबोट करने लगेंगे। यह रोबोट मानवीय सभ्यता से ज्यादा संवेदनशील होंगे, एक दूसरे को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। कुछ समय पहले स्मार्टफोन आया था। इस स्मार्टफोन ने लोगों की याददाश्त छीन ली। अब हर काम के लिए स्मार्टफोन की जरूरत होती है। कुछ याद नहीं रहता है, यदि स्मार्टफोन ना हो तो हम अपने परिजनों के मोबाइल नंबर और ईमेल अकाउंट का उपयोग भी नहीं कर पाते हैं। जब एआई का अस्तित्व अपने पूरे सवाब में आएगा, तब मनुष्य प्रजाति की कल्पना शक्ति और शारीरिक क्षमता सीमित करने का काम एआई क्रांति कर देगी। कहा जाता है, तकनीकी से डरने की जरूरत नहीं है।

तकनीकी जीवन को बेहतर बनाने के लिए उपयोग में आती है। जिस तरह से सारे विश्व में छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बूढ़े तक स्मार्टफोन के नशे का शिकार होकर अपनी सुध-बुध खो चुके हैं। एआई क्रांति के माध्यम से जिस तरह से हम संपूर्ण जीवन को मशीनों के ऊपर आश्रित करते चले जा रहे है। ऐसी स्थिति में ना तो हम शारीरिक श्रम कर पाएंगे और ना ही हम मानसिक श्रम कर पाएंगे। इस स्थिति में भविष्य का क्या होगा, आसानी से समझा जा सकता है।

तकनीकी का स्वागत किया जाना चाहिए, पर हमारे जीवन में तकनीकी का उतना ही प्रवेश होना चाहिए, जो हमारी सहायता और विकास को आगे बढ़ाने के लिए काम करे। जब करोड़ों लोगों का काम कुछ लाख मशीनें करने लगेंगी। हफ्तों और महीनो का काम पलक झपकते हो जाएगा। ऐसी स्थिति में 800 करोड लोगों को पालने-पोसने, सामाजिक और पारिवारिक जीवन को किस तरह से सुरक्षित एवं संरक्षित रखा जा सकेगा। तकनीकी का उपयोग करने के पहले इस पर गंभीर विचार-विमर्श करने की जरूरत है। ऐसा ना हो कि तकनीकी के सहारे हम विकास एवं सामाजिक सुरक्षा के स्थान पर विनाश की ओर आगे बढ़ जाएं। एआई तकनीकी का उपयोग बड़े सोच-समझकर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार किया जाना चाहिये।

## शब्द पहेली - 8651

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | 4 |
| 5 | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | |
| 7 | | | | | ■ | 8 | 9 | |
| ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | | ■ |
| 12 | 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | | |
| ■ | | ■ | 17 | 18 | ■ | | ■ | ■ |
| 19 | | 20 | ■ | 21 | | | | 22 |
| | ■ | 23 | | | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | ■ | 24 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. सिंह, शेर-3
6. कृषि पैदावार-3
7. कमल सरोवर-5
8. बारीक-3
10. जरा, थोड़ा-2
12. वाराणसी-4
15. टूटना, तड़कना-4
17. शराब, मदिरा-2
19. बुद्धि, मति-3
21. सेवा,, चाकरी, देखभाल-5
23. कर्म, भाग्य-3
24. यज्ञ, होम-3

**ऊपर से नीचे**

2. आक्रमणकारी-5
3. समा, माहौल-3
4. आर्द्रता, नमी-3
5. चट्टान (अंग्रेजी-2)
6. अंतर, फर्क-3
9. षष्ठीपूर्ति, 60 वर्ष पूरे होना-3
11. नशा, खुमार-2
13. नरम, मुलायम-3
14. एक जैसा, समान-2
16. सार-संभाल-2,3
18. अनाथ, बेसहारा-3
19. खालिस, शुद्ध-3
20. फालिज, पक्षाघात-3
22. क्रोध, खीज, गुस्सा-2


**शब्द पहेली -8650 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बे | चा | रा | ■ | जी | व | न | ■ |
| कि | ला | ■ | ई | ■ | न | ■ | भ | ला |
| ता | ■ | क | स | र | त | ■ | ■ | य |
| ब | द | ला | ■ | थ | ■ | ह | ल | क |
| ■ | ■ | का | ष्ठ | ■ | म | नु | ■ | ■ |
| म | क्का | र | ■ | रा | ■ | मा | म | ला |
| ही | ■ | ■ | अ | न | ब | न | ■ | न |
| ना | ग | ■ | द | ■ | हा | ■ | भा | त |
| ■ | म | ल | ना | ■ | व | च | न | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**27 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 58 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 22.33 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 10.49 बजे को समाप्त। **योग** आयुष्मान 19.44 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 11.33 बजे तदनन्तर विष्टि 22.33 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 9.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 25' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872633 **जूलियन दिन** 2461098.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रमजान **तारीख** 09 **विशेष** आमलकी एकादशी, योगेश्वर दयाल जयंती, चन्द्रशेखर आजाद शहीद दिवस।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.15 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मेष | 08.46 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.26 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.24 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.37 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.53 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.05 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.16 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.31 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.47 बजे से |
| 10.30 से | | मकर | 03.52 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | कुंभ | 05.38 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# पीएम श्री स्कूल व बिहान की आजीविका गतिविधियों का सीईओ ने किया निरीक्षण

**विजय मत/अंबिकापुर**

जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल द्वारा आज ग्राम पंचायत सलका, जनपद पंचायत उदयपुर में संचालित पीएम श्री स्कूल के अंतर्गत चयनित विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के समस्त निर्धारित सूचकांकों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए बच्चों से शैक्षणिक संवाद भी किया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रतिदिन उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, शैक्षणिक सामग्री की उपलब्धता, किचन गार्डन, निर्मित अतिरिक्त कक्ष सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में शिक्षिका, प्रधान पाठक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी से चर्चा की गई। शिक्षा की गुणवत्ता में सतत सुधार हेतु



आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

विद्यालय परिसर के समीप निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष को एक माह के भीतर पूर्ण करने हेतु ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। साथ ही शिक्षकों को विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत कुंवरपुर, विकासखंड लखनपुर में बिहान योजना अंतर्गत एकीकृत फार्मिंग क्लस्टर के तहत संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। महिलाओं द्वारा संचालित 卐छेरी बैंक卐 के संचालन की समीक्षा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

निरीक्षण के दौरान चिक्स ब्रुडिंग सेंटर, पोल्ट्री फार्म, नर्सरी बेड एवं मत्स्य पालन इकाइयों का भ्रमण कर संबंधित तकनीकों पर समूह की महिलाओं से विस्तृत चर्चा की गई। चिक्स ब्रुडिंग सेंटर से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर मुर्गी पालन को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही परिसर में आजीविका विस्तार एवं पशु सखी को सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

विकासखंड लखनपुर में संचालित महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को ग्रामीण कृषि उत्पादों के बड़े स्तर पर व्यापार, विपणन सुदृढ़ीकरण एवं इनपुट सेवा केंद्र की स्थापना के संबंध में भी दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि किसानों एवं महिला समूहों को बेहतर बाजार सुविधा उपलब्ध हो सके।

निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उदयपुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी उदयपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लखनपुर एवं बिहान की टीम उपस्थित रही।

# सोशल मीडिया पर पत्रकारों को दी गई धमकी, एसपी से की गई शिकायत

**विजय मत/बलरामपुर**

जिले के पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी एवं धमकी दिए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

पत्रकारों के अनुसार 14 दिसम्बर 2025 को सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के आधार पर समाचार प्रसारित किया गया था। उक्त वीडियो में भगवतपुर गांव निवासी समसुद्दीन अंसारी द्वारा तत्कालीन कुशमी एसडीएम श्री करुण डहरिया के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी की गई थी। वायरल वीडियो के तथ्यात्मक आधार पर जिले के विभिन्न समाचार चैनलों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर खबर प्रकाशित की गई थी।

आरोप है कि समाचार प्रकाशित होने से आक्रोशित होकर समसुद्दीन अंसारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (फेसबुक आदि) के माध्यम से एक न्यूज चैनल एवं उसके एंकर




सहित पत्रकारों के विरुद्ध अभद्र, अमर्यादित एवं असत्य आरोप लगाते हुए पोस्ट और वीडियो प्रसारित किए, जो तेजी से वायरल हो रहे हैं। पत्रकारों का कहना है कि इस प्रकार की टिप्पणियों से उनकी व्यक्तिगत एवं संस्थागत छवि को गंभीर क्षति पहुंच रही है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित व्यक्ति की गतिविधियों को देखते हुए पत्रकारों को अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका है, क्योंकि वे समाचार संकलन के सिलसिले में जिले भर में भ्रमण करते रहते हैं।

पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले में भारतीय दंड संहिता एवं आईटी अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। शिकायत के साथ डिजिटल साक्ष्य भी संलग्न किए गए हैं।

## सार समाचार



# मनोरा में दिव्यांगजनों के लिए सशक्तिकरण शिविर सम्पन्न

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड बनाने की प्रक्रिया संपन्न की गई। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए पेंशन योजनाओं, सहायक उपकरण, बस पास तथा ऋण से संबंधित आवेदनों का भी पंजीयन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधि शांति भगत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष सुषमा सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उनके द्वारा 8 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, हस्त चलित ट्राई साइकिल, व्हील चेयर एवं श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण प्रदान किए गए। साथ ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड का भी वितरण किया गया। शिविर में कुल 79 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। इनमें 32 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए गए तथा 32 यूडीआईडी कार्ड तैयार किए गए। 7 दिव्यांगजनों को जिला अस्पताल के लिए संदर्भित किया गया, 4 डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा 2 दिव्यांगजनों द्वारा पेंशन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त 6 दिव्यांगजनों ने पेंशन योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा 3 दिव्यांगजन कृत्रिम अंग निर्माण हेतु चिन्हांकित किए गए। इस शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर प्रमाणन, पहचान, सहायक उपकरण एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएँ से मुक्ति, जीवन हुआ आसान

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के संकल्प के साथ प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं



का लाभ समय पर पहुँचे और उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन आए। इसी उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। इस योजना से महिलाओं को रसोई में धुएँ से मुक्ति मिल रही है तथा उनका जीवन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बन रहा है। जशपुर जिले के विकासखंड बगीचा में हाल ही में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पात्र महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित किए गए। इस अवसर पर लाभार्थियों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। विकासखंड बगीचा निवासी क्रांति यादव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों गैस सिलेंडर प्राप्त कर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि अब उन्हें पारंपरिक चूल्हे के धुएँ से छुटकारा मिलेगा। पहले रसोई में धुएँ के कारण आँखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होती थी, लेकिन अब गैस कनेक्शन मिलने से वे स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में आसानी से भोजन बना सकेंगी। इसी प्रकार ग्राम मड़िया निवासी फूलमती नगेसिया ने बताया कि वे अब तक लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाती थीं। धुएँ के कारण घर का वातावरण खराब हो जाता था और उन्हें काफी असुविधा होती थी। नि:शुल्क गैस कनेक्शन मिलने से अब खाना जल्दी और साफ-सुथरे तरीके से बन सकेगा। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके लिए बहुत राहत लेकर आई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, बल्कि समय और श्रम की भी बचत हो रही है। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले की महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# उपलब्धि गिनाने में नही बल्कि करके दिखाने में है आयुष शर्मा



**विजय मत/सक्ती**

जिला पंचायत चुनाव के एक साल पूरा होने पर सक्ती जिला पंचायत के सभापति व बाराद्वार के युवा भाजपा नेता आयुष शर्मा अन्नपूर्णा ने एक प्रेसवार्ता आयोजन कर अपनी बात रखी साथ ही उन्होंने पत्रकारों के सभी सामान्य और कठिन सवालों के संतुष्टिपूर्ण जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने अभी तक जो भी जनहित के कार्य किये है वो तो मात्र शुरुआत है अभी आने वाले समय मे कई ऐसे कार्य होने है जिससे उनके क्षेत्र की कायापलट हो जाएगी

आयुष शर्मा ने बताया कि हमारे एक वर्ष पूरा होने पर समस्त क्षेत्र वासियों मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि हमने हर घर जाकर लोगों से सीधी बात किया क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़ा होना क्षेत्र को जनता को बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजना छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल से कई गांवों तक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर व्यवस्था करना बरसात के समय ग्राम सकरेली भाटा में रेल लाइन के किनारे जमा मलवा हटाकर के स्लैब चूड़ी के डलवा कर साथ वैकल्पिक व्यवस्था बनाना छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के आशीर्वाद से श्री लक्ष्मीकांत धीरहे को ?300000 की राशि प्राप्त कराई गई बाराद्वार विद्युत विभाग को उप संभाग बनाने की मांग सीएम साहब ने तुरंत मंजूरी दी और नगरदा सिवनी को बाराद्वार उप संभाग में जोड़ा गया वर्तमान बजट में जिला बजट में मेरे जिला पंचायत क्षेत्र में संकल्प बजट में सड़क निर्माण कार्य सह चौड़ीकरण एवं मजबूती करण कार्य नया बाराद्वार जैजैपुर चौक से ठठारी 12 किलोमीटर राशि 96 लाख सड़क निर्माण कार्य बासिन से जेठा ब्याहा पासीद खूंटादहरा जिला मुख्यालय तक 10 किलोमीटर राशि 80 लाख रुपए किरारी से नवापारा खुर्द ब्याहा नन्दौर खुर्द 6 किलोमीटर 72 लाख बासीन से डोंगिया 8 किलोमीटर 64 लाख नवीन जिला चिकित्सालय परिसर से मुख्य मार्ग तक दो किलोमीटर 24 लख रुपए इस तरह जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 में संकल्पबजट में जो घोषणा हुई उसकी राशि 3 करोड़ 36 लाख रुपए का काम इस बजट में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हमारे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 अपने तीसरे बजट में देने की घोषणा की इसके लिए सभी को जिला पंचायत क्षेत्र वासियों की तरफ से हार्दिक आभार व्यक्त किया अंत में सभापति आयुष शर्मा अन्नपूर्णा ने कहा कि मीडिया अभी उनके कार्यो का आंकलन ना करे क्योंकि अभी तो ये शुरुआत मात्र है और वे कहने में नही बल्कि करके दिखाने में यकीन रखते है।

प्रेसवार्ता में जिला पंचायत के सभापति आयुष शर्मा अन्नपूर्णा के साथ बाराद्वार नगर पंचायत के उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अर्जुन राठौर सहित जिले के सभी पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल का किया निरीक्षण



**विजय मत/जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कुनकुरी विकासखंड के सालियाटोली स्थित पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर व्यास ने विद्यालय में पेयजल की पर्याप्त और सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम निकट है, ऐसे में स्कूल परिसर के विभिन्न स्थानों पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। वाटर कूलिंग मशीन स्थापित करने के साथ-साथ टेप वाटर की ऊँचाई इस प्रकार निर्धारित की जाए कि हर आयु वर्ग के बच्चे आसानी से पानी पी सकें। इसके साथ ही उन्होंने हैंडवॉश की पर्याप्त व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कक्षाओं, कैंपस तथा नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। स्वच्छ वातावरण से न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि विद्यालय में सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल का भी निर्माण होता है।


# एसीबी बिलासपुर की बड़ी सफल कार्यवाही

## बैंक को करोड़ों की नुकसान पहुंचाने वाली कैशियर तेजवथ गिरफ्तार

***दो करोड़ छै लाख सैंतीस हजार छै सौ( 20637600/-)रुपए का गबन कर स्टेट बैंक बिल्हा को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाली स्टेट बैंक बिल्हा की तत्कालीन कैशियर तेजवथ गिरफ्तार।**

**कैशियर की संदिग्ध मोबाइल भी एसीबी द्वारा जप्त।**





**विजय मत/सक्ती।** बिल्हा स्टेट बैंक शाखा बिलासपुर में दिनांक 19.12.24 से 02.01.25 के मध्य बैंक के कर्मचारियों और अन्य के साथ मिलकर पद का दुरुपयोग कर बैंक के रिकॉर्ड में और खातों में छेड़छाड़ कर बैंक के साथ धोखाधड़ी कर 20637600 /-रूपये (करीब दो करोड़ छै लाख रुपए))का गबन कर बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाए जाने के संबंध में कार्यवाही हेतु स्टेट बैंक शाखा बिल्हा जिला बिलासपुर के शाखा प्रबंधक पीयूष बारा द्वारा आर्थिक अपराध अन्वेषण /एंटी करप्शन ब्यूरो मुख्यालय रायपुर में शिकायत की गई थी जिस पर स्टेट बैंक बिल्हा की तत्कालीन कैशियर श्रीमती तेजवथ थीरापतम्मा एवं अन्य के विरुद्ध दिनांक 19.1.26 को धारा 13 (1),13(2) पीसी एक्ट 1988 एवं धारा 316(5),318(4),61(2),338,336(3),340(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। स्टेट बैंक द्वारा विभागीय स्तर पर की गई विभागीय जांच में भी कैशियर तेजवथ और अन्य को आर्थिक अनियमितता करना और उक्त राशि का गबन करना पाया गया था। एसीबी बिलासपुर द्वारा प्रकरण की विवेचना के दौरान स्टेट बैंक के विभागीय जांच रिपोर्ट और अपने स्तर पर संकलित साक्ष्य से कैशियर एवं अन्य के द्वारा उक्त राशि का गबन करने का साक्ष्य पाए जाने से पिछले कुछ दिनों से एसीबी बिलासपुर की टीम लगातार कैशियर की तलाश में लगी हुई थी ।कैशियर तेज़वथ के आज बिल्हा स्थित स्टेट बैंक में गोपनीय रूप से आए होने की सूचना मुखबिर से एसीबी को प्राप्त होने पर उन्हें एसीबी बिलासपुर की टीम द्वारा आज दिनांक 26.02.26को पकड़ा जाकर अभिरक्षा में लेकर गहन पूछताछ कर प्राप्त साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया है तथा गिरफ्तार आरोपी के पास मिले मोबाइल को जांच हेतु जप्त किया गया है ।जप्त मोबाइल से आर्थिक अनियमितता से संबंधित कई तथ्यों के खुलासे की उम्मीद है। कैशियर द्वारा बैंक कर्मचारी और अन्य के साथ मिलकर उक्त राशि को कई लोगों के खातो में ट्रांसफर कर दिया गया था तथा उस बात को छिपाने के लिए पैसे को बैंक की कई सेवाओं जैसे पेय पदार्थ, भोजन, किराया, रखरखाव आदि मद पर खर्च करना बताया गया था।।।गिरफ्तार कैशियर जून 2025 से निलंबित है तथा वर्तमान में रिजनल बिज़नेस ऑफिस ( ऋब्ह )जगदलपुर में अटैच है किंतु वह जून 2025 से लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित थी ।कैशियर तेजवथ मूलत: जिला खम्मम आंध्रप्रदेश की रहने वाली है तथा घटना की अवधि में वह स्टेट बैंक शाखा बिल्हा बिलासपुर में पदस्थ थी ।गिरफ्तार कैशियर को विशेष न्यायालय बिलासपुर में पेश कर रिमांड हासिल करने की कार्यवाही की जा रही है।

# भैयाथान भाजयुमो की नई टीम घोषित









## उजाला ठाकुर महामंत्री, शत्रुघन तिवारी मीडिया प्रभारी, आयुष गोयल उपाध्यक्ष,रोहित पांडेय सह मीडिया प्रभारी

**विजय मत/भैयाथान**

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में भाजयुमो भैयाथान मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई। संगठनात्मक मजबूती और युवाओं को सक्रिय भूमिका देने के उद्देश्य से घोषित इस टीम में तेज-तर्रार एवं सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता शत्रुघन तिवारी को मंडल मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

यह घोषणा किरण सिंह देव (प्रदेश अध्यक्ष) एवं पवन साय (प्रदेश महामंत्री संगठन) के मार्गदर्शन तथा राहुल योगराज टिकरिहा (प्रदेश अध्यक्ष, भाजयुमो) के निर्देशानुसार की गई। जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता की सहमति से, भाजपा मंडल भैयाथान अध्यक्ष सुनील कुमार साहू के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने नई कार्यकारिणी घोषित की ।नई टीम में आयुष गोयल को मंडल उपाध्यक्ष तथा उजाला ठाकुर को मंडल महामंत्री व रोहित पांडेय को मीडिया सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है ।घोषणा होते ही क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और शुभकामनाएं दी गईं।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से करेंगे। साथ ही युवा मोर्चा को अधिक सक्रिय, संगठित और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया ।इस अवसर पर भाजपा एवं भाजयुमो के कई पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। सभी ने विश्वास जताया कि नई टीम के नेतृत्व में भैयाथान मंडल में संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी।

# रोजगार,शिक्षा, महिला सुरक्षा कृषि के लिए कोई प्रावधान नहीं : सुशील मौर्य

**मुनाफाखोरी को बढ़ावा देने और जनता को टोपी पहनाने वाला बजट**



**विजय मत/जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किए जाने के बाद तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बजट में रोजगार, शिक्षा, कृषक, महिला सुरक्षा के लिए कोई प्रावधान न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। किसानों की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने वाला बजट है। प्रदेश सरकार खुद को किसानों का हितैषी बताती है, लेकिन समर्थन मूल्य पर धान खरीदने में सरकार की ओर से आनाकानी की जाती है और नए-नए नियम व शर्तें लागू कर किसानों को अपनी उपज बेचने से वंचित किया जाता है।

कांग्रेस नेता सुशील मौर्य ने कहा है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार किसान हैं, लेकिन प्रस्तुत बजट में किसानों के लिए कोई ठोस और भरोसेमंद प्रावधान नजर नहीं आना बड़ी चिंतनीय बात है। छत्तीसगढ़ को विकसित करने का नहीं,भाजपा ने अपने मुनाफाखोरी के लिए बजट पेश किया है। इस बजट में मुनाफा और संसाधनों की लूट का संकल्प है। आयरन स्टील और कृषि आधारित इकाइयों के संरक्षण के लिए कुछ नहीं है। अनियमित और संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा भी पूरा नहीं हुआ। रसोइया संघ और महिलाओं के लिए भी बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं है। यह बजट महिलाओं के लिए निराशाजनक है। महिला सुरक्षा और रोजगार के लिए कोई विशेष पैकेज नहीं है। रानी दुर्गावती योजना भी अस्पष्ट है। 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर के वादे के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। श्री मौर्य ने कहा कि साय सरकार का तीसरा बजट भी जनता को निराश करने वाला साबित हुआ है वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट के नाम पर जनता को टोपी पहनाने का काम किया है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा वित्त मंत्री ओपी चौधरी का बजट वाले भाषण में बस्तर के विकास के लिए सिर्फ सब्जबाग दिखाए गए। क्योंकि इस बजट में पेश वादों को पूरा करने वाले प्रावधान निराश करने वाले रहे हैं। पिछले बजट में घोषित 20 हजार शिक्षकों की भर्ती में से कितनी भर्ती हुई ओपी चौधरी पहले ये बताएं? भाजपा के चुनावी वादे, पांच साल में एक लाख युवाओं को नौकरी देने, बजट में नए स्कूल, महाविद्यालय, कौशल उन्नयन, सिंचाई बांध या महिला स्व-सहायता समूह के रोजगार के लिए कुछ नहीं है। उद्योगों के विकास के लिए भी कोई प्रावधान नहीं दिखा। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता और छात्राओं को मुफ्त यातायात के वादों पर भी वित्त मंत्री ने कुछ नहीं किया है। घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए मात्र 80 करोड़ रुपये का प्रावधान 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना बंद करने का संकेत है। डीएड अभ्यर्थियों की भर्ती, आंगनबाड़ी बहनों और रसोइया संघ के लिए भी बजट में कुछ नहीं है।अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने और 56 हजार शिक्षकों के खाली पदों को भरने के लिए भी कोई प्रावधान नहीं किया गया है। भर्ती परीक्षा की एजेंसी को मजबूत करने वाली भाजपा सरकार बताए कि एक वर्ष में कितनी नौकरियां दी जाएंगी पर इस पर कोई स्पष्टता नहीं है।वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट के भाषण में कहा जगदलपुर में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल योजना पर अभी तक काम ही चल रहा है। जबकि सुपर स्पेशलिस्ट कॉन्टिनेंटल अस्पताल में लूट का कारोबार चल रहा है किसी भी जनप्रतिनिधि ने आवाज तक नहीं उठाई और आज बजट में इन क्षेत्रों के समुदायों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की बात की जा रही है।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं हड़ताल पर

**विजय मत/जगदलपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की अध्यक्ष रुक्मणि सज्जन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर स्थानीय मंडी कार्यालय में हड़ताल शुरू कर दी है। कुछ दिनों पूर्व ही इन्होंने इस हेतु प्रशासन को चेतावनी भी दी थी। अध्यक्ष रुक्मणि सज्जन ने कहा है कि विभिन्न संघों ने पहले ही शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की सूचना दे दी थी, लेकिन हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। इसलिए हमें मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा है। अभी हमारी यह हड़ताल सांकेतिक है। इसके बाद जिला स्तर पर और फिर राज्य स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## खबर सार




### अंतिम छोर में ओडिशा से घिरे गांव सांकरा में कलेक्टर कन्नौजे ने की रात्रिकालीन जनचौपाल

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के अंतिम छोर में ओड़िशा से घिरे जिले के गांव सांकरा में बुधवार को रात्रिकालीन जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। सरिया तहसील के इस गांव में जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में खाट पर बैठक कर कलेक्टर ने चौपाल में लोगों से मुलाक़ात की, जिसमें जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, जिला एवं ब्लॉक स्तर के सभी विभागों के अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, एसडीएम सारंगढ़ वर्षा बंसल उपस्थित थीं। यह गांव जिला मुख्यालय से लगभग 54 किलोमीटर दूर स्थित है, जहाँ जनसंख्या 5500 से अधिक है। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीण सुबल दीवान ने कहा कि इतने दूरस्थ क्षेत्र में कलेक्टर का रात्रिकालीन चौपाल लगाकर समस्याएं सुनना सराहनीय पहल है। गांव में 6 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। जर्जर भवन के संबंध में प्रस्ताव की जानकारी ली गई और शीघ्र निर्माण का आश्वासन दिया गया। महतारी वंदन योजना से 1068 हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल (12वीं तक) में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की, शिक्षक अक्सर समय से पहले चले जाते हैं इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्राथमिक स्कूल में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण का भी आदेश दिया गया। कक्षा 5वीं के छात्र रोहन पातर ने कलेक्टर बनने की इच्छा जताई। इस पर कलेक्टर ने उसे प्रोत्साहित करते हुए खूब पढ़ाई करने की सलाह दी। चौपाल में कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकान में गोदाम की कमी और खराब चावल वितरण की शिकायत पर पंचनामा कर चावल वापस करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 290 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें 245 पूर्ण हो चुके हैं और 45 अपूर्ण हैं। कलेक्टर ने बरसात से पहले सभी आवास पूर्ण करने की अपील की।




### कलेक्टर ने छोटे नावापारा में गेंदा फूल की खेती का किया निरीक्षण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बरमकेला ब्लॉक के ग्राम छोटे नावापारा में गेंदा फूल की उन्नत खेती कर रहे किसान शिव प्रसाद प्रधान के खेत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेत में की जा रही खेती की जानकारी ली और किसान के प्रयासों की सराहना की। उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में किसान शिव प्रसाद प्रधान द्वारा 1 एकड़ भूमि में गेंदा फूल की खेती की जा रही है। किसान अब तक लगभग 40 हजार गेंदा फूल बेच चुके हैं, जिससे उन्हें अच्छी आय प्राप्त हुई है। जानकारी के अनुसार, वे साल में तीन सीजन में गेंदा फूल की खेती कर रहे हैं। किसान पहले धान की खेती करते थे, जिससे कम मुनाफा होता था। अब गेंदा फूल की खेती से उन्हें बेहतर लाभ मिल रहा है। गेंदा की फसल के बीच खाली स्थान में इंटरक्रॉपिंग के रूप में धनिया पत्ती की भी खेती की जा रही है, जिसे स्थानीय सब्जी बाजार में बेचा जाता है। इससे अतिरिक्त आय का स्त्रोत भी तैयार हो गया है। इसके अलावा किसान ढाई एकड़ भूमि में अरबी (कोचई) की खेती भी कर रहे हैं। किसान शिव प्रसाद प्रधान ने बताया कि वे हाल ही में बस्तर जिले के कोडागांव क्षेत्र में गुलाब और नारियल की खेती का निरीक्षण कर लौटे हैं और भविष्य में वे इन फसलों की खेती भी शुरू करने की योजना बना रहे हैं।कलेक्टर ने किसान की नवाचारपूर्ण सोच और परिश्रम की सराहना करते हुए अन्य किसानों को भी पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**परिजनों ने कलेक्टर-एसपी से लगाई गुहार**

# अमोड़ी गांव में धर्मांतरण को लेकर शव दफन विवाद

**विजय मत/कांकेर**





जिले में शव दफन को लेकर विवाद की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र के अमोड़ी गांव का है, जहां एक धर्मांतरित महिला की 24 फरवरी की सुबह मृत्यु हो गई। मृतिका के पति द्वारा गांव की निजी जमीन पर शव दफन करने की तैयारी की गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। ग्रामीणों का कहना था कि अंतिम संस्कार गांव की पारंपरिक रीति-रिवाज और संस्कृति के अनुसार किया जाए। इस पर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन सकी और ग्रामीणों ने गांव में दफन की अनुमति नहीं दी।

विवाद के चलते महिला का शव फिलहाल दुर्गुकोंदल अस्पताल में रखा गया है। दूसरे दिन मृतिका के परिजन और मसीही समाज के प्रतिनिधि कांकेर कलेक्टर कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रशासन से सहयोग की मांग की। मृतिका के पति के अनुसार, कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर मामले का समाधान निकालने का आश्वासन दिया है।

### जिले में बढ़ रहे ऐसे विवाद

पिछले कुछ महीनों में जिले में धर्मांतरण से जुड़े अंतिम संस्कार को लेकर कई बार विरोध की स्थिति बनी है। ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासन द्वारा धर्मांतरित व्यक्तियों के शव को जिले के बाहर दफन कराने में सहयोग किए जाने की बात भी सामने आती रही है।

### जिलों में बढ़ रहे हैं ऐसे विवाद

पिछले कुछ महीनों में कांकेर और बस्तर जिलों में धर्मांतरित परिवारों के शवों के अंतिम संस्कार को लेकर कई बार विरोध की स्थिति बनी है। ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासन द्वारा धर्मांतरित व्यक्तियों के शव को जिले के बाहर दफन कराने में सहयोग किए जाने की बात भी सामने आती रही है। बहरहाल अमोड़ी गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है और आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। मामले के समाधान के लिए प्रशासनिक बैठक के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### तनाव की स्थिति, प्रशासन सतर्क


गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है और आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

मामले के समाधान के लिए प्रशासनिक बैठक के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### दफनाने के विरोध में उतर आए हैं सारे ग्रामवासी

बस्तर संभाग के कांकेर जिले में शव दफन को लेकर विवाद की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र के अमोड़ी गांव का है, जहां एक धर्मांतरित महिला की 24 फरवरी की सुबह मृत्यु हो गई। उसके शव को दफ़नाने के विरोध में सारे ग्रामवासी उतर आए। वहीं मृतका के परिजनों के समर्थन में मसीही समाज भी सामने आ गए। बात अब पुलिस और प्रशासन तक पहुंच गई है तथा गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मृतका के पति द्वारा गांव की निजी जमीन पर शव दफन करने की तैयारी की गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। ग्रामीणों का कहना था कि अंतिम संस्कार गांव के पारंपरिक रीति-रिवाज और संस्कृति के अनुसार किया जाए। इस पर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन सकी और ग्रामीणों ने गांव में शव दफन की अनुमति नहीं दी।विवाद के चलते महिला का शव फिलहाल दुर्गुकोंदल अस्पताल में रखा गया है।

# डिपॉजिट-5 में बड़ा हादसा : गहरी खाई में समाई पोकलेन, ऑपरेटर जीवन-मृत्यु से जूझ रहा



विजय मत/बचेली (दंतेवाड़ा)। नगर के समीप स्थित हृस्ष्ठष्ट ख्द्वद्वह्लद्गस्र के डिपॉजिट नंबरङ्क5 अंतर्गत वेस्ट माइनिंग डंप क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। डंपिंग कार्य के दौरान कार्यरत एक पोकलेन मशीन अचानक असंतुलित होकर गहरी खाई में जा गिरी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी और चिंता का माहौल बन गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मशीन डंपिंग के दौरान ढलान वाले हिस्से में काम कर रही थी। इसी बीच मिट्टी धंसने या संतुलन बिगड़ने से पोकलेन सीधे नीचे जा गिरी। हादसे के समय मशीन का संचालन वेद प्रकाश पांडेय कर रहे थे। खाई में गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं और वे अंदर ही फंस गए।

### तत्काल शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन

घटना की जानकारी मिलते ही खदान क्षेत्र में तैनात कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों एवं राहत दल ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद घायल ऑपरेटर को मशीन से बाहर निकाला गया। प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज हेतु हैदराबाद रेफर कर दिया।

### प्रबंधन मौके पर, जांच के आदेश

हादसे की सूचना मिलते ही एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए। प्रारंभिक स्तर पर यह जांच की जा रही है कि हादसा तकनीकी खराबी, मिट्टी धंसने या सुरक्षा मानकों में किसी चूक के कारण हुआ।

साथ ही वेस्ट माइनिंग डंप क्षेत्र में सुरक्षा प्रोटोकॉल की पुनः समीक्षा की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। प्रबंधन ने घायल ऑपरेटर के समुचित एवं सर्वोत्तम उपचार का आश्वासन दिया है।

### कर्मचारियों में चिंता, सुरक्षा पर उठे सवाल

इस घटना के बाद खदान क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों में दहशत और चिंता का माहौल है। कई कर्मचारियों ने डंप क्षेत्र में सुरक्षा मानकों को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता जताई है।

# जगरगुड़ा एजुकेशन सिटी देगी बस्तर के भविष्य को नई दिशा : भदौरिया



**विजय मत/ सुकमा।** छत्तीसगढ़ राज्य के बजट 2026-27 में सुकमा जिले के जगरगुड़ा को एजुकेशन सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सुकमा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप एवं बस्तर सांसद महेश कश्यप के प्रति आभार व्यक्त किया है।

श्री भदौरिया ने कहा है कि जगरगुड़ा जैसे दूरस्थ और पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एजुकेशन सिटी की स्थापना का निर्णय बस्तर अंचल के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा अपने ही जिले में उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। प्रस्तावित एजुकेशन सिटी के अंतर्गत विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान तथा कौशल विकास केंद्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया ने कहा कि यह पहल न केवल शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी। शिक्षा संस्थानों की स्थापना से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे क्षेत्र में विकास की गति तेज होगी। श्री भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बजट में जगरगुड़ा को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने की घोषणा इस प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने प्रदेश सरकार एवं सभी जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय सुकमा जिले के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी कदम है, जो आने वाले वर्षों में शिक्षा, शांति और रोजगार के नए आयाम स्थापित करेगा।

# पशुपतिनाथ मंदिर : स्थापना दिवस पर दो दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठान, नगर में भक्ति की बहेगी गंगा

**विजय मत/किरंदुल**



आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का दिव्य संगम एक बार फिर कोड़ेनार रिंग रोड 04 नं. स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में साकार होने जा रहा है। मंदिर के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर 27 एवं 28 फरवरी 2026 को दो दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का वातावरण व्याप्त है।मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में रुद्राभिषेक, विधिवत पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ, 5 कुंडी गायत्री महायज्ञ तथा विशाल महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष श्रद्धा एवं उमंग देखने को मिल रही है।

**27 फरवरी (शुक्रवार): भव्य शुभारंभ**= कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:काल भव्य कलश यात्रा से होगी। मंदिर प्रांगण से निकाली जाने वाली यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर में पहुंचेगी। यात्रा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, भक्ति गीत एवं जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय और भक्तिमय हो उठेगा।

संध्या 4 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

28 फरवरी (शनिवार) ङ्क रुद्राभिषेक एवं 5 कुंडी गायत्री महायज्ञ

दूसरे दिन प्रातः 7ञ्30 बजे भगवान शिव का रुद्राभिषेक प्रारंभ होगा। पंच पंडितों के सान्निध्य में विशेष पूजन एवं वैदिक विधान से यज्ञ संपन्न कराया जाएगा।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 5 कुंडी गायत्री महायज्ञ रहेगा, जिसमें श्रद्धालु आहुति देकर आध्यात्मिक पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।दोपहर 12ञ्30 बजे से विशाल महाभंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना जताई जा रही है।यह संपूर्ण आयोजन पशुपतिनाथ मंदिर सेवा समिति एवं गायत्री ग्रामवासी सेवा समिति, किरंदुल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। आयोजकों ने नगरवासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

माना जा रहा है कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता का भी प्रेरक संदेश देगा।

# महापौर संजय पांडे ने किया निरीक्षण, स्वच्छता, विकास और जनसुविधा कार्यों को दी गति

**विजय मत/ जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे ने आज शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम की टीम, एमआईसी मेंबर एवं पार्षदगण भी उपस्थित रहे।





**झीरम घाटी शहीद स्मारक परिसर का किया निरीक्षण:** महापौर संजय पांडे लालबाग स्थित झीरम घाटी शहीद स्मारक परिसर पहुंचकर मरम्मत कार्यों एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह स्थल शहीदों की स्मृति से जुड़ा हुआ है इस कारण इसकी गरिमा के अनुरूप रखरखाव किया जाए तथा नियमित स्वच्छता सुनिश्चित की जाए।

**मोहन नगर में 12 लाख की पुलिया का भूमि पूजन:** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड अंतर्गत मोहन नगर में 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पुलिया का भूमिपूजन किया गया। इस पुलिया के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा आसपास के मोहल्लों का संपर्क सुगम होगा।

**शासकीय भूमि एवं सियान सदन हेतु स्थल निरीक्षण:** महापौर संजय पांडे ने शासन की विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से शहर के अलग-अलग स्थलों पर शासकीय भूमि का निरीक्षण किया। भूमि की स्थिति, उपयोगिता एवं भविष्य की योजनाओं के अनुरूप उपयुक्तता का परीक्षण किया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित शासन की योजना सियान सदन के क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण किया गया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण कर योजना को धरातल पर उतारा जाए ताकि वरिष्ठ नागरिकों को सुविधाजनक एवं सुरक्षित स्थान उपलब्ध हो सके।

**डिवाइडरों की साफ-सफाई का लिया जायजा:** महापौर ने शहर के प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने नियमित सफाई, पौधारोपण एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए जिससे शहर की छवि और अधिक आकर्षक बन सके।

**स्वच्छता को लेकर एमआईसी मेंबर एवं पार्षदों के साथ बैठक:** जगदलपुर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं शहर को स्वच्छता में अग्रणी स्थान दिलाने के उद्देश्य से महापौर संजय पांडे ने एमआईसी मेंबर, पार्षदगण एवं नगर निगम की टीम के साथ बैठक की। बैठक में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण, नियमित मॉनिटरिंग, जनजागरूकता नहीं अभियान एवं दंडात्मक कार्रवाई जैसे विषयों पर चर्चा की गई। महापौर ने कहा कि स्वच्छता केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं बल्कि जनभागीदारी से ही स्थायी परिणाम प्राप्त होंगे।

# टी20 विश्व कप सुपर-8 में आज इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी न्यूजीलैंड



### शाम 7 बजे से होगा मुकाबला

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका के खिलाफ जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-8 मैच में इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। कीवी टीम के स्पिनरों ने श्रीलंकाई टीम के खिलाफ काफी अच्छी गेंदबाजी की थी और वह यही सिलसिला इंग्लैंड के खिलाफ भी जारी रखना चाहेगी। कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर काफी अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी टीम को मिलेगा। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी है और उसका लक्ष्य इस मैच में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सेमीफाइनल के लिए लय बनाये रखना रहेगा। कप्तान हैरी ब्रुक के अलावा उसके उन्य बल्लेबाज पिछले सुपर-8 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ असफल रहे थे। ऐसे में वे अपना फार्म हासिल करना चाहेंगे।

दूसरी ओर श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत के बाद न्यूजीलैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा प्लस 3.050 हो गया है। ऐसे में इस मैच में जीत के साथ वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी पर अगर वह मामुली अंतर से हारती भी है तो भी उसकी सेमीफाइनल की संभावनाएं बनी रहेंगी। वहीं इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। ऐसे में पाक टीम नेट रन रेट में तभी आगे निकल सकती है जब न्यूजीलैंड को मैच में बड़ी हार मिले। न्यूजीलैंड की टीम जिस प्रकार श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ सहजता से उतरी थी उससे तय है कि इस मैच में भी वह उसी टीम के साथ उतरेगी।

इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच रोमांचक मुकाबला होना तय है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही पाक स्पिनरों साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान के सामने काफी अच्छी बल्लेबाजी की थी और उनका लक्ष्य कीवी टीम के खिलाफ इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा हालांकि ये इतना आसान नहीं रहेगा क्योंकि कीवी स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर कहर ढ़ा सकते हैं। ब्रूक अच्छी फॉर्म में हैं पर अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर का फार्म में नहीं होना इंग्लैंड के लिए चिन्ताजनक है। टीम को अपने गेंदबाजों विल जैक्स और लियाम डॉसन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। प्रेमदासा की पिच पर अगर स्पिनर गेंदबाजी कर रहे हों तो 165 से 175 रन भी काफी अच्छे माने जाएंगे।रविंद्र ने कहा, इस तरह के मुकाबले में खेलने के लिए हमेशा ही आत्मविश्वास बनाये रखना होता है क्योंकि हमें अंदाजा है कि पिच कैसी होगी पर मुझे लगता है कि किसी भी समय इंग्लैंड को कम करके आंकना गलती होगी।

विरोध टीम काफी अच्छी है। उनके गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनके पास बल्लेबाजी क्रम में विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं। साथ ही कहा कि टी20 प्रारुप में कुछ भी हो सकता है जो टीम मैच के दिन अच्छा खेलेगी जीत उसकी की होगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार है

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, फिल साल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, सैम करेन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, लाइक वुड

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, कोल मैककॉन्ची, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, इश सोढ़ी।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ अधिक प्रयोग से बचे भारतीय टीम पोंटिंग

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले सुपर-8 मुकाबले को देखते हुए एक अहम सलाह दी है। पोंटिंग का कहना है कि इस मैच में भारतीय टीम को अधिक बदलाव नहीं करते हुए वहीं अंतिम ग्यारह उतारनी चाहिये जो अबतक तक खेलती आई है। पोंटिंग के अनुसार अधिक प्रयोग कि रणनीत नुकसानेह साबित हो सकती है। इस पूर्व कप्तान के अनुसार बड़े टूर्नामेंट में स्थिरता और संतुलन से ही जीत मिलती है।

इससे पहले भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में अपना संयोजन बदला था जिससे उसे काफी नुकसान हुआ था। उस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम में बाएं हाथ के अधिक बल्लेबाजी होने के कारण उपकप्तान अक्षर पटेल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को अवसर दिया था पर ये प्रयोग विफल रहा। उस मैच में सुंदर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही विफल रहे थे।

## ज्वेरेव हुए अलटफेर के शिकार केकमानोविच ने तीन सेटों में हराया



**अकापुल्को,एजेंसी**

सर्बिया के मियोमिर केकमानोविच ने जर्मनी के टेनिस स्टारा अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर एक बड़ उलटफेर करते हुए मेक्सिकनो टेलसेल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर-फाइनल में प्रवेश किया है। केकमानोविच ने तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव के खिलाफ 6-3, 6-7(3), 7-6(4) से ये जीत दर्ज की । इस मुकाबले में केमानोविच ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विरोधी खिलाड़ी को कोई अवसर नहीं दिया। । मैच के बाद केकमानोविच ने कहा, जीत से वह खुश है पिछले कुछ साल उनके लिए कठिन रहे हैं। इसलिए उन्हें इस बातक की खुशी है कि इस मैच में सब कुछ उनके अनुसार हुआ। वह विशेष अवसर पर आक्रामक रहे जिसका भी लाभ उन्हें मिला। वहीं अनुभवी ज्वेरेव निरंरतता के लिए संघर्ष करते दिखे। उन्होंने 17 गलतियां कीं, जबकि केकमानोविच ने छह गलतियां कीं। इस जीत के साथ ही केकमानोविच ने ज्वेरेव के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया और एटीपी 500 इवेंट के आखिरी आठ में पहुंच गए हैं। यहां उनका मुकाबला फ्रांस के टेरेंस एटमाने से होगा, एटमाने ने एक अन्य मुकाबले में राफेल जोडार को 6-2, 4-6, 6-1 से हराया था।

## सेमीफाइनल से अब कौन सी टीम बाहर होगी

**अहमदाबाद ।** टी20 विश्वकप सुपर-8 से अब तक एक टीम श्रीलंका बाहर हो गयी है। उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। वहीं अब एक और टीम का बाहर होना तय है। ये मुकाबला मैच ग्रुप-1 में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं भारतीय टीम के प्रशंसक वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की जीत चाहेंगे क्योंकि इससे भारतीय टीम के सेमीफाइनल की उम्मीदें बनी रहेंगी।

दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज, दोनों का रनरेट बहुत अच्छा है। ऐसे में इस मुकाबले की विजेता टीम के पास सेमीफाइनल में पहुंचने का अच्छा अवसर है।

# द हंड्रेड से पाक खिलाड़ियों को बाहर नहीं किया जाएगा : ईसीबी

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि द हंड्रेड क्रिकेट लीग से पाकिस्तानी खिलाड़ियों को बाहर नहीं किया जाएगा। ईसीबी के अनुसार इस प्रकार की जो भी आशंकाएं लगायी गयी हैं। वे सही नहीं हैं। इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि लीग में आईपीएल से जुड़ी फ्रेंचाइजियां पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नहीं खरीदेंगी। द हंड्रेड की 4 फ्रेंचाइजी ऐसी हैं जिनका मालिकाना अधिकार भारतीयों के पास है औये पाक खिलाड़ियों को नहीं लेगी। वहीं अब ईसीबी और द हंड्रेड की 8 फ्रेंचाइजियों की तरफ से संयुक्त बयान जारी किया गया है कि द हंड्रेड में इस प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होगा और अगर कोई टीम ऐसा करती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।



इस सप्ताह एक रिपोर्ट में कहा गया गया था कि आईपीएल टीमों के मालिकों से जुड़ीं 4 फ्रेंचाइजी मैनचेस्टर सुपर जॉइंट्स (आरपीएसजी ग्रुप), एमआई लंदन (रिलायंस), सदर्न ब्रेव (जीएमआर) और सनराइजर्स लीड्स (सन ग्रुप) द हंड्रेड की नीलामी के लिए पंजीकृत पाकिस्तानी खिलाड़ियों से दूरी बनाये रख सकती हैं।गौरतलब है कि साल 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद से ही विदेशी लीग में आईपीएल से जुड़ी फ्रेंचाइजियों में पाकिस्तानी क्रिकेटर बहुत ही कम नजर आये हैं। हालांकि भारतीयों के द हंड्रेड की फ्रेंचाइजियों को खरीदने से पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी इस लीग में बहुत कम रुचि दिखा रहे थे। पिछले साल के टूर्नामेंट में सिर्फ 2 पाक खिलाड़ी खेलत दिखे थे। इतना ही नहीं, द हंड्रेड के अब तक हुए सभी 5 सीजन में कुल मिलाकर 9 पाकिस्तानी खिलाड़ी ही दिखे हैं। फ्रेंचाइजी के नए मालिक इस सीजन से कामकाज संभालेंगे।

ईसीबी और द हंड्रेड की फ्रेंचाइजियों की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया है, लीग को नए दर्शकों तक पहुंचने, क्रिकेट के खेल के विकास और हर किसी को हमारे खेल से जोड़ने के लिए बनाया गया है। इस लीग में खिलाड़ियों को राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किया जाना चाहिए।बयान में आगे कहा गया है।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में वापसी करने को तैयार हरमनप्रीत

**होबर्ट ।** भारतीय महिला रिं केट टीम शुरुवार को यहां दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के साथ वापसी करने उतरेगी। भारतीय टीम को पहले एकदिवसीय में 6 विके से हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में मेजबान टीम तीन मैचों की इस सीरीज में 1-0 से आगे है। भारतीय टीम के लिए राहत की बात ये है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर भी फिट हो गयी हैं। हरमनप्रीत को पहले एकदिवसीय में चोट लग गयी थी। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा है कि हरमनप्रीत अब ठीक है और खेलने जा रही हैं। पहले एकदिवसीय में बल्लेबाजी के दौरान घुटने में चोट लगने से हरमनप्रीत मैदान पर नहीं लौट पाई थीं, जिससे टीम की चिंताएं बढ़ गई थीं। कहा गया है कि हरमनप्रीत को बल्लेबाजी के दौरान चोट लगी थी और मेडिकल स्टाफ उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। कप्तान के नहीं होने से उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने टीम की कमान संभाली। वहीं अब अब कप्तान की वापसी से प्रबंधन को भी राहत मिली है।
पहले मुकाबले में भारतीय टीम 48.3 ओवर में 214 रन ही बना पायी थी।

## विनीसियस के गोल से रियाल मैड्रिड बेनफिका को हराकर अंतिम 16 में पहुंची




**मैड्रिड , एजेंसी**

विनीसियस जूनियर के गोल से रियाल मैड्रिड की टीम बेनफिका को 2-1 से हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग फुटबॉल के अंतिम 16 में पहुंच गयी है। दूसरे चरण के इस मुकाबले में रियाल जीत के साथ ही अब 3-1 से आगे हो गयी है। उसने पहला चरण भी 1-0 से जीता था। दूसरे चरण में बेनफिका की ओर से 14वें मिनट में राफा सिल्वा ने गोल कर मुकाबला 1-1 से बराबरी पर ला दिया। वहीं दो मिनट बाद ही ऑरेलियन चोउमेनी ने एक गोल कर रियाल को बढ़त दिला दी। मैच के 80वें मिनट में विनीसियस जूनियर ने एक गोल कर स्कोर 2-। कर दिया। वहीं एक अन्य मुकाबले में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने मोनाको को 3-2 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी। दोनों टीमों के बीच दूसरा चरण 2-2 से बराबरी पर रहा, हालांकि पहले चरण में मिली बढ़त से पीएसजी को लाभ हुआ। एक अन्य मुकाबले में इटली की अटलांटा ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को दूसरे चरण में 4-1 से हराया।



# सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ 82,249 बंद, निफ्टी में 14 अंकों की तेजी रही



**मुंबई ,एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को मिला-जुला कारोबार हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी होने के कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 27.46 अंक टूटकर 82,248.61 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 14 .05 अंक की हल्की बढ़त के साथ 25,496.55 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान डिफेंस और हेल्थकेयर शेयरों से बाजार को सहारा मिला। निफ्टी इंडिया डिफेंस 1.48 फीसदी और निफ्टी हेल्थकेयर 1.24 फीसदी बढ़कर की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा, निफ्टी फार्मा 1.08 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक 0.95 फीसदी, निफ्टी ऑयलएंडगैस 0.87 फीसदी, निफ्टी ऑटो 0.80 फीसदी, निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग 0.78 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.39 फीसदी और निफ्टी इन्फ्रा 0.32 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ।

निफ्टी मीडिया 0.68 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.16 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.11 फीसदी और निफ्टी सर्विसेज 0.06 फीसदी की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

आज लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप में भी मिला-जुला कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 392.05 अंक की तेजी के साथ 59,798.15 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स एक अंक की हल्की कमजोरी के साथ 17,117.65 पर था।

सेंसेक्स पैक के शेयरों में बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, सनफार्मा, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, एसबीआई, टीसीएस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, टाइटन और टेक महिंद्रा के शेयर लाभ में रहे। ट्रेंट, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टीएंडटी, एचसीएल टेक और एमएंडएम के शेयर नुकसान में रहे।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले। सुबह बीएसई सेंसेक्स 82,418 के स्तर पर खुला। वहीं इसी तरह ?निफ्टी 50 ने भी 25,556 के स्तर पर शुरुआत की। शुरुआती मिनटों में यह 30.15 अंक की बढ़त लेकर 25,512.65 पर कारोबार करता दिखाई दिया। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बावजूद निवेशक फिलहाल सावधानी बरत रहे हैं। बीच-बीच में मुनाफावसूली भी देखी जा रही है, जिससे बढ़त सीमित बनी हुई है।


## फिल्म निर्माण की दिशा और दशा दोनों बदल देंगे

**नई दिल्ली ।** प्रख्यात फिल्मकार शेखर कपूर का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आने वाले समय में फिल्म निर्माण की दिशा और दशा दोनों बदल देगी। नई दिल्ली के भारत मंडपम में हाल ही में आयोजित बीएस मंथन कार्यक्रम में एआई के दौर में सिनेमा विषय पर उन्होंने कहा कि भविष्य में फिल्में केवल निर्देशक की सोच तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि दर्शक और एआई मिलकर कहानी रचेंगे। मासूम, मिस्टर इंडिया और बैंडिट क्वीन जैसी चर्चित फिल्मों के निर्देशक कपूर ने कहा कि एआई फिल्मकारों को सशक्त बनाएगी। उनका कहना था कि जहां पारंपरिक तरीके से एक फिल्म बनाने में उन्हें लगभग तीन साल लगते हैं, वहीं एआई की मदद से सीमित संसाधनों में भी दो दिन के भीतर फिल्म बनाई जा सकती है। इससे उन रचनाकारों को अवसर मिलेगा, जिनके पास बड़े बजट या संसाधन नहीं हैं।

## हर साल हो रही हैं 303 करोड़ घरेलू यात्राएं पर्यटकों के लिए कम पड़ रहे हैं होटल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है और यह अब केवल सेक्टर नहीं, बल्कि पूरी इंडस्ट्री बन चुकी है। विदेशी और घरेलू दोनों तरह के पर्यटन में वृद्धि हो रही है, जिससे होटलों की मांग बढ़ रही है और उनकी कीमतें भी महंगी होती जा रही हैं। वर्तमान में पर्यटन उद्योग का भारत के जीडीपी में योगदान 5 फीसदी है, जबकि 2047 तक यह 10 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। इसी अवधि में केवल पर्यटन इंडस्ट्री में 200 मिलियन रोजगार मिलने की संभावना है। दिल्ली के द्वारका में आयोजित एसएटीटीई 2026 में 60 से अधिक देशों के 2000 से अधिक प्रदर्शक और 3200 से अधिक ब्रांड हिस्सा ले रहे हैं। इस साल की थीम थी एन ओर्व्च्यु निटी काल इंडिया आयोजन में अजीत बजाज, अध्यक्ष, एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और पद्मश्री पुरस्कार विजेता ने पर्यटन के तेजी से बढ़ते क्षेत्र की जानकारी दी। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत आने वाले समय में वैश्विक पर्यटन का सबसे बड़ा खिलाड़ी बनेगा।



इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया के एक अधिकारी के अनुसार भारत का पर्यटन क्षेत्र 'ट्रिपल इंजन ग्रोथ' पर बढ़ रहा है। घरेलू, आउटबाउंड और इनबाउंड। हर साल देश में 303 करोड़ से अधिक घरेलू यात्राएं हो रही हैं, और भारतीयों का विदेश यात्रा खर्च 42 अरब डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। अनुभव आधारित, आध्यात्मिक और क्षेत्रीय पर्यटन के कारण टियर-2 और टियर-3 शहरों में पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि भारत का पर्यटन केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि लोगों में निहित है। यात्रियों को आज अनुभव और जुड़ाव चाहिए।

और भारत इसे सबसे बेहतर रूप में प्रदान करता है। 2027 तक भारत का ट्रैवल और टूरिज्म सेक्टर 125 अरब डॉलर के घरेलू बाजार की ओर बढ़ रहा है।

## सरकारी खर्च से पावर सेक्टर में तेजी, निजी उद्योग अब भी ज्यादा सुस्त

**नई दिल्ली ।** देश में पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) की रफ्तार इस समय दो अलग तस्वीरें पेश कर रही है। एक ओर पावर ट्रांसमिशन से जुड़ी हाई वोल्टेज कंपनियां रिकॉर्ड प्रदर्शन कर रही हैं, वहीं गैर-विद्युत औद्योगिक कंपनियों की चाल अब भी धीमी बनी हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ट्रांसमिशन और वितरण कंपनियों के नए ऑर्डर में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि बिक्री 39 प्रतिशत बढ़ी है। इन कंपनियों का मुनाफा मार्जिन बढ़कर 20.3 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष से 5.4 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 2022 से 2032 के बीच ट्रांसमिशन क्षेत्र में 9.15 लाख करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है। इसके तहत 8 से 10 बड़े हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे। तीन कॉरिडोर के लिए उपकरणों का काम पहले ही तय हो चुका है। अनुमान है कि 2027 से नए ऑर्डर में और तेजी आएगी तथा 2030 तक मांग मजबूत बनी रह सकती है। बजट में 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च का प्रावधान किया गया है, जो पहले के अनुमान से 12 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार फैक्ट्रियों की क्षमता उपयोग दर 77.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

## सोने का भाव 600 से ज्यादा टूटा

**नई दिल्ली ।** कीमती धातुओं के वायदा बाजार में गुरुवार को सुस्ती का माहौल देखने को मिला। घरेलू स्तर पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना और चांदी दोनों गिरावट के साथ खुले और कारोबार के दौरान भी दबाव में रहे। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 615 रुपये की गिरावट के साथ 1,60,530 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछला बंद भाव 1,61,145 रुपये था। इस समय यह 468 रुपये की नरमी के साथ 1,60,677 रुपये पर कारोबार कर रहा था। सत्र के दौरान सोने ने 1,60,745 रुपये का उच्च और 1,60,516 रुपये का निचला स्तर छुआ।

**रिपोर्ट** - बेरोजगारी दर 2025 में 4.5 से घटकर 2026 में 4.1 प्रतिशत रहने की संभावना

# अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वृद्धि, बेरोजगारी में कमी की उम्मीद : आईएमएफ




**वाशिंगटन,एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था का 2026 तक का आकलन पेश किया है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2026 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत बढ़ सकता है, जो 2025 के 2.2 प्रतिशत से अधिक है। आईएमएफ ने अर्थव्यवस्था की वृद्धि को मोटे तौर पर सकारात्मक बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, बेरोजगारी दर 2025 के अंत में 4.5 प्रतिशत से घटकर 2026 में 4.1 प्रतिशत रह सकती है। आईएमएफ ने कहा कि रोजगार बाजार में अत्यधिक गिरावट न आए तो फेडरल रिजर्व को ब्याज दर में और कटौती से बचना चाहिए।

महंगाई दर 2027 तक अमेरिकी केंद्रीय बैंक के 2 प्रतिशत के लक्ष्य तक आ सकती है। फेडरल रिजर्व की मौजूदा रेपो दर 3.6 प्रतिशत है, जिसे घटाकर लगभग 3.4 प्रतिशत किया जा सकता है। 2025 में नीतिगत ब्याज दर में तीन बार कटौती की गई थी। आईएमएफ ने अमेरिकी संघीय सरकार के बढ़ते कर्ज पर चिंता जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक कर्ज जीडीपी के अनुपात में 2025 के लगभग 100 प्रतिशत से बढ़कर 2031 तक 110 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। यह आर्थिक स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यदि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए आयात शुल्क नहीं होते, तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। संरक्षणवादी नीतियां अपेक्षा से अधिक नकारात्मक असर डाल सकती हैं। हालांकि, अमेरिका को मजबूत उत्पादकता वृद्धि का लाभ मिला है। आईएमएफ के अनुसार, अमेरिका की अर्थव्यवस्था 2026 में बढ़ेगी, बेरोजगारी घटेगी और महंगाई नियंत्रित रहेगी, लेकिन बढ़ता सरकारी कर्ज और संरक्षणवादी नीतियां आर्थिक स्थिरता के लिए जोखिम बन सकती हैं।

परिवहन मंत्री केदार कश्यप और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बैठक में हुए शामिल

# पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार की सुविधा

● केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने ली वर्चुअल बैठक

विजय मत/रायपुर

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने आज सभी राज्यों के परिवहन और स्वास्थ्य मत्रियों के साथ पीएम राहत योजना की बैठक ली। इस बैठक में परिवहन मंत्री केदार कश्यप और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल वर्चुअल रूप से शामिल हुए और अपने सुझावों को रखा। बैठक में बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम राहत योजना के अंतर्गत अब दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन ऑवर में त्वरित और कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार दुर्घटना के बाद पहले एक घंटे के भीतर यदि पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया जाए तो मृत्यु की संभावना 50 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह योजना प्रभावी रूप से लागू की गई है।



इस योजना के तहत भारत में कहीं भी मोटर वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ित को तत्काल निकटतम सूचीबद्ध अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। यह उपचार आयुष्मान भारत (एबी-पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में उपलब्ध होगा। पीड़ित या उसके परिजनों से किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं लिया जाएगा। अस्पताल द्वारा 24 घंटे के भीतर स्थानीय पुलिस को सूचना दी जाती है तथा दुर्घटना का विवरण इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (एऊअफ) प्रणाली में दर्ज किया जाता है।



अस्पताल द्वारा दावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाता है। स्वीकृत राशि का भुगतान मोटर वाहन दुर्घटना कोष से किया जाता है।

परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि प्रति पीड़ित, प्रति दुर्घटना अधिकतम 7 दिनों तक 1.50 लाख रुपये तक की सहायता, मोटर वाहन से जुड़ी सभी सड़क दुर्घटनाओं पर लागू होगी तथा पूर्णतः कैशलेस सुविधा और प्रदेश में योजना के सुचारु क्रियान्वयन हेतु सभी 33 जिलों के कलेक्टरों के लिए रिजर्व बैंक में खाते खोले जा चुके हैं तथा टीएमएस और पीएफएमएस के माध्यम से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

यह योजना सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने और उनकी जान बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर परिवहन सचिव एस. प्रकाश भी उपस्थित रहे।

### अस्पताल में प्रवेश एवं पंजीकरण

पीएम राहत योजना के तहत अस्पताल द्वारा पीड़ित की पहचान सत्यापित कर 24 घंटे के भीतर उसे टीएमएस (ळ१ंल्ल२ूं३ङ्गल्ल टंल्लील्ल३ र८२३ी) 2.0 पोर्टल पर पंजीकृत किया जाता है।बैठक में केंद्रीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि योजना के अंतर्गत दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों तक ट्रॉमा/पॉलीट्रॉमा पैकेज के अंतर्गत 1.50 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है।

## सार समाचार

### विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के तारतम्य में दीर्घकालीन लक्ष्य



**विजय मत/रायपुर।** विकसित छत्तीसगढ़ @२०४७ के तारतम्य में छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष के बजट को संकल्प नाम दिया गया है, जो राज्य के समावेशी और संतुलित विकास का प्रतीक है। राज्य का बजट आकार पिछले वर्षों में 95,000 करोड़ से बढ़कर लगभग 1.72 लाख करोड़ तक पहुँच गया है। राजकोषीय घाटा लगभग 3% के भीतर नियंत्रित रखा गया है, जो कि FRBM Act के अनुरूप है। यह दशार्ता है कि राज्य विकास और वित्तीय अनुशासन दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। बजट में कृषि समर्थन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुधार, युवा एवं महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है। राजधानी रायपुर में अंडरग्राउंड बिजली लाइन के लिए 100 करोड़ का प्रावधान, नवा रायपुर/रायपुर को आधुनिक मेट्रो-सिटी के रूप में विकसित करने की पहल तथा जल बोर्ड गठन जैसे महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं।अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी स्थापित करने के लिए ?100 करोड़ का प्रावधान शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देगा।यह बजट स्पष्ट रूप से संकेत देता है कि राज्य सड़क, बिजली, जल, शिक्षा और शहरी विकास के मजबूत ढांचे के माध्यम से निवेश, रोजगार और जीवन-स्तर में सुधार की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### लैंगिक समानता पर आधारित फिल्म प्रदर्शित हुआ

**विजय मत/रायपुर।** डॉ राधाबाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ में प्राचार्य डॉ प्रीति मिश्रा के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के सहयोग तथा आइक्यूएसी के अंतर्गत लैंगिक समावेशन एवं समानता पहल पर आयोजित कार्यशाला के समापन पर शबाना आजमी अभिनीत लघु फिल्म आंटी जी (2018) प्रदर्शित किया गया।यह फिल्म एक अत्यंत मार्मिक और भावनात्मक कहानी है,जो अनमोल रोड्रिगेज के साथ मिलकर जीवन की सकारात्मकता और मुश्किलों से लड़ने की हिम्मत सिखाती है। यह फिल्म दिल को छू लेने वाली दोस्ती और आंतरिक सुंदरता के संदेश के साथ रूढ़ियों को तोड़ती है,जिसे आलोचकों द्वारा सराहा गया।यह फिल्म यह संदेश देती है कि जीवन की सभी बाधाओं को सहनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण से दूर किया जा सकता है।यह एक 60 वर्षीय महिला और एक युवा लड़की के बीच एक अनूठी और गहरी दोस्ती को दिखाती है।शबाना आजमी ने परवीन (आंटी जी) के किरदार को बहुत ही सहजता,गरिमा और जीवंतता के साथ निभाया है। एसिड अटैक सर्वाइवर अनमोल रोड्रिगेज (गीतिका) ने भी अपने किरदार में सच्चाई ला दी है।

नवनियुक्त सीईओ अग्रवाल की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा

# वनांचल क्षेत्र चिल्फी एवं रेंगाखारकला सहित सभी अस्पतालों में समय पर मिले स्वास्थ सुविधा: ईश्वरी

● जिला पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्र से जुड़े जनहित के विषयों को रखा सदन में

विजय मत/रायपुर

जिले के वनांचल क्षेत्र चिल्फी रेंगाखारकला एवं अन्य स्थानों के सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में डॉक्टर सहित स्टाफ अपनी सेवाएं निरंतर प्रदान करे। शासन द्वारा निर्धारित सभी प्रकार की जांच एवं अन्य सुविधाएं ग्रामीणों को समय पर मिले तथा ड्यूटी में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

उक्त निर्देश जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने सामान्य सभा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान दिए। अध्यक्ष ने विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, सहित आयुष्मान कार्ड अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा का लाभ ग्रामीणों को मिले यह सुनिश्चित हो। स्वास्थ्य विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग एवं जिला पंचायत का वार्षिक बजट 2026-27 पर सामान्य सभा में चर्चा की गई। जिला पंचायत कबीरधाम के सभा कक्ष में



गत दिवस सामान्य सभा का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू की अध्यक्षता में किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीकाकरण संस्थागत प्रसव उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान सहित अन्य जानकारी सभी सदस्यों को दी गई। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी द्वारा आयुष्मान योजनांतर्गत पंजीकृत अस्पतालों एवं स्वास्थ्य बीमा के लाभ पर चर्चा की गई।

सामान्य सभा के बैठक की अध्यक्षता ईश्वरी साहू द्वारा की गई जिसमें सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, सदस्य श्रीमति दीपा धुर्वे, सदस्य श्रीमती अनुपूर्णा चन्द्राकर, रामकुमार भट्ट, श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे, श्रीमति पूर्णिमा साहू, श्रीमति ललिता धुर्वे, श्रीमती गंगाबाई साहू, राजकुमार मेरावी, श्रीमती सुमित्रा पटेल, विरेन्द्र कुमार साहू, रोशन दुबे, श्रीमती राजकुमारी साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा श्रीमती सुषमा बघेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला श्रीमती बालका वर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत पण्डरिया श्रीमती नन्दनी साहू, एवं विधायक प्रतिनिधि कवर्धा भुखन साहू उपस्थित रहें।

जिला पंचायत कबीरधाम के आगामी वार्षिक बजट 2026-27 में बजट अनुमान की विस्तृत जानकारी लेखा अधिकारी द्वारा सदन में प्रस्तुत की गई। विभिन्न मदवार एवं योजनावार स्त्रोतो से प्राप्त होने वाले अनुमानित आय एवं व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। जिला पंचायत के बजट को सामान्य सभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित करते हुए अनुमोदन किया गया।

### आरोग्य मंदिर में उपलब्ध सुविधाओं का विषय रखा गया

प्रधानमंत्री जन औषधी योजना अंतर्गत जेनरिक दवाईयों की उपलब्धता एवं अन्य स्थानों पर नए औषधि केंद्र खोलने पर चर्चा की गई। उप स्वास्थ्य केन्द्र चियाडाढ़ में स्टाफ नहीं होने का विषय सदस्य दीपा धुर्वे द्वारा उठाया गया। जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे द्वारा जिला चिकित्सालय में श्रवण बाधित मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं बनने का विषय उठाया गया, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट द्वारा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टाफ की उपलब्धता एवं उपस्थिति तथा आरोग्य मंदिर में उपलब्ध सुविधाओं का विषय रखा गया। सदस्य विरेन्द्र कुमार साहू द्वारा ग्राम मानिकचौरी में प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र के खुलने एवं एएनम सहित स्टाफ के रूकने की व्यवस्था से संबंधित जानकारी चाही गई। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, अध्यक्ष जनपद पंचायत पण्डरिया नन्दनी साहू एवं अन्य सदस्यों ने अपने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों को रखा।

# प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की बैठक

● 10 प्रकरणों पर की गई समीक्षा एवं सुनवाई, 4 प्रकरणों में आदेश जारी करने के दिए गए निर्देश

विजय मत, रायपुर

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में आज उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आदिम जाति अनुसंधान एक प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष, नवा रायपुर में संपन्न हुई। बैठक में कुल 10 प्रकरणों की समीक्षा एवं सुनवाई की गई। इनमें जाति जांच प्रकरण से संबंधित 08 प्रकरणों में पक्षकार समिति के समक्ष उपस्थित हुए।

04 प्रकरणों में गुण-दोष के आधार पर विनिश्चय किए जाने का निर्णय करते हुए आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए। इनमें एक डीजे स्तर के अधिकारी एवं एक ग्रामीण विकास विभाग में ईएनसी स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। 02 प्रकरणों में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सुनवाई की गई एवं पक्षकार को 10 दिवस के भीतर समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपने पक्ष में प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

01 प्रकरण में विजिलेंस टीम को दुबारा मौके पर जाकर



सोशल स्टेटस एवं अन्य प्रमाणित तथ्यों की गहन जांच कर 45 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जबकि 03 प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र धारकों को सुनवाई का एक और अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आगामी बैठक में उपस्थित होकर अपनी जाति के संबंध में प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करन के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति द्वारा नियमित अंतराल में बैठक आयोजित कर जाति प्रमाण पत्र एवं सामाजिक प्रस्थिति से संबंधी प्रकरणों का निपटारा किया जा रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय से संबद्ध प्रकरणों पर भी नियमानुसार पारदर्शी एक समयबद्ध तरीके से सुनवाई कर प्रकरणों का शीघ्र निपटारा किया जा रहा है। आज की बैक में बड़ी संख्या में पक्षकार एवं अधिवक्ता अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित हुए।

# पेड़ कटाई के विरोध में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का उग्र प्रदर्शन, फिल्म सिटी परियोजना पर पुनर्विचार की मांग

विजय मत/रायपुर

पर्यावरण संरक्षण के लिए विगत 9 वर्षों से निरंतर सक्रिय संस्था ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने आज नवा रायपुर में प्रस्तावित चित्रोत्पला फिल्म सिटी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। संस्था के सैकड़ों कार्यकर्ता हरित क्षेत्र की रक्षा के लिए एकत्रित हुए और स्पष्ट चेतावनी दी कि विकास के नाम पर प्रकृति का विनाश स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने कहा कि यदि शासन-प्रशासन ने समय रहते निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया तो आंदोलन और व्यापक रूप लेगा।

ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे ने कहा कि उनकी संस्था ने पिछले नौ वर्षों में तालाब संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और जनजागरण के माध्यम से हजारों लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने



कहा कि नवा रायपुर जैसे सुनियोजित शहर में, जिसे हरित और संतुलित विकास का मॉडल माना जाता है, यदि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर कंक्रीट संरचनाएं खड़ी की जाएंगी तो यह आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय होगा। उन्होंने शासन से मांग की कि परियोजना से पहले संपूर्ण पर्यावरणीय प्रभाव का आंकलन सार्वजनिक किया जाए और वैकल्पिक भूमि पर गंभीरता से विचार हो। रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्थानीय नागरिकों की भावनाओं की अनदेखी कर किसी भी परियोजना को आगे बढ़ाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

# एआई समिट में नग्नता के बाद देश को बदनाम करने की साजिश देशद्रोह: नलनीश ठोकने

● सोशल मीडिया में आकर लोगों ने खोली पोल कई वीडियो जारी किया

विजय मत/रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कांग्रेस की ओछी राजनीति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल करने के प्रयासों पर तीखा हमला बोला है। श्री ठोकने ने हालिया एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं के नग्न प्रदर्शन को देशद्रोही श्रेणी का कृत्य बताते हुए कहा कि विश्व बिरादरी के सामने भारत को शर्मसार करने के इस निन्दनीय कृत्य के लिए कांग्रेस नेता पूरे देश से बिना शर्त माफी मांगें।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठोकने ने कहा कि युवा कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के राजनीतिक स्वार्थ को साधने के लिए एआई समिट में आए विदेशी मेहमानों के सामने नग्न प्रदर्शन किया जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं थी, बल्कि कांग्रेस नेतृत्व की सोची-समझी साजिश थी, जिसकी पुष्टि घटना के बाद शीर्ष नेतृत्व की चुप्पी से हो रही है। सोशल मीडिया पर देश को बदनाम करने की साजिश करने का गम्भीर आरोप लगाते हुए



श्री ठोकने ने कहा कि डिजिटल पब्लिक रिलेशन कंपनी ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को इस साजिश को अंजाम देने के लिए भारी रकम का लालच दिया। इसका एकमात्र उद्देश्य एआई समिट को फ्लॉप बताना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भारत सरकार की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब करना था। श्री ठोकने ने कहा कि सत्ता की लालसा में देश को बदनाम करना सीधे तौर पर देशद्रोह की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि जो राजनीतिक दल सत्ता पाने ऐसे षड़यंत्र रच सकती है तो सत्ता में रहते क्या-क्या पाप कर चुकी होगी सहज समझा जा सकता है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठोकने ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कॉमनवेल्थ गेम्स का उदाहरण देकर भाजपा को घेरने की कोशिशों पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि बघेल तथ्य और सत्य को लहूलुहान करने की अपनी आदत से बाज आएँ।

आमापारा चौक से हिंद स्पोर्टिंग मैदान तक सड़क चौड़ीकरण कार्य राशि रुपए 5 करोड़ का प्रावधान किया

# नगर निगम रायपुर को बजट में मिला 458 करोड़, होगा सड़कों का चौड़ीकरण

विजय मत/रायपुर

राज्य सरकार के नए बजट में रायपुर शहर के लिए शामिल योजनाओं और प्रावधानित राशि की जानकारी देते हुए महापौर मीनल चौबे ने बताया कि इसके लिए 458.00 करोड़ का बजट दिया गया है जिससे नगर निगम विभिन्न जगहों पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य करेगा और कुछ जगहों को विकसित भी किया जाएगा।

मीनल चौबे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत रायपुर हेतु राशि रुपए 210.93 करोड का प्रावधान है। इसमें निम्न कार्य सम्मिलित हैं

मनुवास रियलिटी से महादेव घाट तक सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य (2.1 कि. मी.) हेतु राशि रुपए 30. करोड़ का प्रावधान किया गया है।

कैनॉल रोड 2.0 (कलर्स मॉल के पीछे से प्रारंभ होकर 4.5 कि.मी. भाटागांव मार्ग तक) निर्माण हेतु राशि रुपए 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है, ये मार्ग एनएच 53 के समानांतर विकसित किया जायेगा।



कचना क्रॉसिंग से सेंट जेवियर होते हुए व्ही.आई.पी. रोड तक सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य हेतु राशि रुपए 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह मार्ग कचना, अवंति विहार, खम्हारडीह को सीधे जी.ई. रोड एवं व्ही.आई.पी. रोड से जोडेगा।

बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड के 1374 मकानों के सुदृढ़ीकरण हेतु राशि रुपए 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन मकानों के सुदृढीकरण से शहर के आवासीय अधोसंरचना में मूलभूत सुधार होगा।

ग्रास मेमोरियल खेल मैदान का उन्नयन हेतु राशि रुपए 15 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

इस खेल मैदान के पुर्नविकास से स्थानीय युवाओं को खेल प्रशिक्षण एवं अभ्यास के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

पंडरी कपड़ा मार्केट दुल्हन साड़ी से सीधी सड़क पंडरी मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य हेतु राशि रुपए 4 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस सड़क निर्माण से पंडरी कपड़ा मार्केट, सिटी सेंटर मॉल, नवीन निमार्णाधीन युनिटी मॉल को बलौदाबाजार मार्ग से सीधा जोड़ा जा सकेगा।

आमापारा चौक से हिंद स्पोर्टिंग मैदान तक सड़क चौड़ीकरण कार्य (600 मीटर) राशि रुपए 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# मोदी गारंटी पूरा करने, वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नति व पूर्ण पेंशन की मांग, कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए सरकार को धन्यवाद

विजय मत/रायपुर

छत्तीसगढ़ के सहायक शिक्षक कर्मचारियों के लिए इस वर्ष का सालाना बजट अत्यंत निराशाजनक रहा। प्रधानमंत्री द्वारा ₹मोदी की गारंटी₹ के अंतर्गत 100 दिनों में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने का वादा किया गया था।

वेतन विसंगति दूर करने के लिए घोषणा पत्र का वादा पूरा करने की आवश्यकता थी, जिसे सरकार के महत्वपूर्ण घोषणा पत्र में शामिल किया गया था। इसके बावजूद बजट में इस राशि का प्रावधान नहीं किया गया और



वादा अधूरा रह गया।

आज विधानसभा में फेडरेशन के अध्यक्ष रविंद्र राठौर, प्रदेश सचिव राजू टंडन, बसंत कौशिक, रंजीत बैनर्जी, गोकुल जायसवाल, शैलेंद्र डहरिया पीताम्बर बंजारे, हरीश गोपाल,सुनील पांडे,पोखन शाहू, लकेश्वर वर्मा, शंकर लाल नेताम, और श्रवण मानिकपुरी की टीम ने शिक्षा मंत्री माननीय गजेंद्र यादव जी एवं माननीय गुरुखुशवंत कैबिनेट मंत्री महोदय से मुलाकात की। इस मुलाकात में फेडरेशन ने ज्ञापन सौंपते हुए निम्न मांगें रखीं:

- ₹मोदी गारंटी₹ को पूरा करते हुए सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर की जाए।
- पूर्व सेवा गणना करते हुए समस्त शिक्षक संवर्ग को क्रमोन्नति दी जाए। - पूर्ण पेंशन की व्यवस्था की जाए। - साथ ही, कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया गया ।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वावरा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। **संपादक**- सीता शुक्ला। **प्रधान संपादक**- विजय शुक्ला ।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997